हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 24 जून 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर


तापमान
अधिकतम 25.7 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

1.2 निजी भूमि से अवैध कब्जा हटाने जनदर्शन में गुहार



1.2 फर्स्ट बटालियन की सड़क का डामरीकरण, हुआ भूमिपूजन




छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25


## ब्लाइंड मर्डर का खुलासा : शादी के लिए बना रही थी दबाव, तंग आकर रची साजिश

# गर्भवती प्रेमिका और बच्चे की हत्या कर फेंका था कुएं में, भाई ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पुलिस ने बताया कि मृतका सुनीता चतुर्वेदी (35 वर्ष) का क्षत्रपाल से प्रेम प्रसंग था। दोनों की जान-पहचान सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। बाद में छत्रपाल ने किसी अन्य से शादी कर ली। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया। विवाद गहराने के बाद आरोपी ने घटना की साजिश रची। गर्भवती सुनीता और उसके बेटे काव्यांश की हत्या कर दोनों ने लाश को ठिकाने लगाया। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि ग्राम खम्हरिया स्थित दो अल-अलग बाड़ी के कुएं में मिले शव की शिनाख्त रायपुर निवासी सुनीता चतुर्वेदी 35 वर्ष और बालक काव्यांश चतुर्वेदी के रूप में की गई। दोनों मां बेटे के शव को आरोपियों ने कुएं के भीतर पानी में लाल रंग की साड़ी में लपेटकर उसमें पत्थर बंधा हुआ फेंका। कुछ दूरी पर बालक काव्यांश का शव प्लास्टिक की बोरी के भीतर रखकर कुएं में फेंका गया। गांव वाले कुएं में पानी भरने पहुंचे। पानी को जब कुलर में लोगों ने डाला तो बदबू आने लगी। गांव के लोग दोबारा कुएं में पहुंचे तो लकड़ी से खरोचने पर गोल मटोल सामान दिखने लगा। तुरंत सूचना पुलिस को देने पर मौके पर पहुंची और खोजबीन करने पर निकाले जाने पर महिला की लाश मिली। दूसरे कुएं से बालक की भी उसी तरह लपटी हुई लाश मिली। मौके पर स्वयं एसएसपी विजय अग्रवाल पहुंचे और मॉनिटरिंग करते रहे। देर रात ढाई बजे तक दोनों शव का शिनाख्त होने के बाद 12 घंटे के भीतर आरोपियों को पुलिस ने ट्रेस कर कामयाबी हासिल की।

*अमलेश्वर पुलिस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी महज 24 घंटे में ही सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने अमलेश्वर थाना अंतर्गत ग्राम खम्हरिया निवासी छत्रपाल सिंगौर और उसके चचेरा भाई शुभम को गिरफ्तार किया है। दोनों ने अपना गुनाह कबूल लिया है।*



### इंस्टाग्राम से हुई जान पहचान

पुलिस ने बताया कि आरोपी छत्रपाल सिंगौर से मृतका सुनीता की पहली बार जान पहचान इंस्टाग्राम से हुई थी। उसके बाद पहली मुलाकात महादेव घाट में हुई। सुनीता ने प्रेमी छत्रपाल को बताया कि उसके पति का निधन हो गया है उसका 8 वर्ष का एक बेटा भी है। छत्रपाल ने शादी कर अपनाने का झांसा देकर लगातार दो साल से शारीरिक संबंध बनाते रहा। इधर मृतका सुनीता शादी के लिए छत्रपाल पर दबाव बनाती रही, छत्रपाल सुनीता को 1-2 माह में शादी करने का झांसा देता रहा। इस बीच छत्रपाल सिंगौर ने दूसरी महिला से शादी कर लिया था। लगातार मृतका बेटे को लेकर घर आने की धमकी दिया करती थी।

### ऐसे दिया घटना को अंजाम

आरोपी छत्रपाल सिंगौर साल भर पहले ही अपने चचेरे भाई शुभम को सुनीता के साथ संबंध होने की जानकारी दे चुका था।शुभम को छत्रपाल ने अपनी परेशानी को लेकर बता दिया था। दोनों ने मिलकर मां सुनीता और उसके बेटे काव्यांश को रास्ते से हटाने की साजिश रच ली। प्लान के मुताबिक छत्रपाल ने अपनी प्रेमिका सुनीता, बेटा काव्यांश को इलेक्ट्रानिक स्कूटी से रायपुर लेने गया। गांव खम्हारिया लाने पर खेत में शुभम उसे मिला। दोनों ने मिलकर पहले काव्यांश और सुनीता का गला दबाकर हत्या कर दी। साक्ष्य को मिटाने के लिए आरोपियों ने अलग अलग साडी में लपेटकर बोरी में डालकर, पत्थर बांधकर अलग अलग कुंए में मां बेटे को फेक कर फरार हो गए।

### देर रात पहुंचे थे एसएसपी अग्रवाल थाना

घटना की रात एसएसपी विजय अग्रवाल थाना पहुंचकर स्वयं जांच में जुटे रहे। मौके से मिले सुराग दोनों शव को बांधने में जिस तरह से रस्सी का उपयोग किया गया था। आरोपी शातिर नहीं होने का इशारा कर रहा था। एसआईटी, एसीसीयू, अमलेश्वर पुलिस ने खोजबीन करना शुरू किया। इस दौरान सूचना मिली कि आरोपी छत्रपाल सिंगौर के साथ एक महिला को यहां देखा गया था। पुलिस ने तुरंत छत्रपाल को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी छत्रपाल पूरी तरह टूट गया और बताया कि उसने सुनीता और बेटा काव्यांश की हत्या कर शव को चचेरा भाई शुभम कुमार सिंगौर के साथ मिलकर घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए थे। आरोपियों को अंदाजा भी नहीं था कि इतनी जल्दी आरोपी को पुलिस पकड़ लेगी।

### खुलासे करने वाली टीम में शामिल थे

खुलासे में एएसपी सुखनंदन राठौर, एसडीओपी अनूप लकड़ा, क्राइम डीएसपी अजय सिंह, निरीक्षक अनिल कुमार साहू, एसीसीयू निरीक्षक प्रमोद कुमार रूसिया, सउनि नरेन्द्र सिंह राजपूत, प्रआर मेघराज चेलक, आरक्षक राजकुमार चंद्रा, अश्वनी यद्दु, वीर नारायण, विवेक यादव, अजय ढीमर, थाना अमलेश्वर से उप निरी. दीनदयाल वर्मा, सउनि मानसिंह सोनवानी, प्रआर मनीष तिवारी, आरक्षक राकेश राजपूत, अजय सिंह, अमित यादव, चितरंजन प्रसाद देवांगन शामिल थे।

## रामप्यारी बनी पालिका जामुल की नेता प्रतिपक्ष



भिलाई। जामुल पालिका के कांग्रेसी पार्षद व पूर्व उपाध्यक्ष रामप्यारी वर्मा को नेता प्रतिपक्ष और संजय देशलहरा को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया गया। जिससे कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती मिलेगी साथ ही पालिका में जनता की आवाज को विपक्ष मजबूती से उठा सकेंगे। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ता मे जोश भरने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री गुरू रूद्र कुमार थे। गुरु रुद्र कुमार ने कहा कि सबसे पहले जामुल की जनता को बधाई जो उनके लिए नव नियुक्त नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष की नियुक्त किया गया।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


## खबर संक्षेप

### मजदूर महिला को हाइड्रा क्रेन ने ठोका, मौत

**भिलाई।** मजदूर महिला कंपनी के लिए पानी लेकर वापस लौट रही थी। इस दौरान हाइड्रा चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए महिला को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। अस्पताल पहुंचने पर महिला को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प 2 निवासी जय प्रकाश देवांगन ने शिकायत किया है कि मां ठगिया बाई देवांगन गोपाल इन्डस्ट्रीज फौजी नगर में मजदूरी काम करती है। काम कर कंपनी से पानी लेने बाहर निकली थी। पानी लेकर वापस कंपनी जा रही थी। तभी फौजी नगर चौक में एक हाईड्रा क्रेन बिना नंबर के चालक ने चपेट में लिया। ठगिया बाई को गंभीर रुप से घायल होने से कमर, दोनो जांघ में चोट आई। उपचार के लिए महिला को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### आईटीआई में एडमिशन के लिए 25 तक आवेदन

**दुर्ग।** महिला आईटीआई दुर्ग के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में व्यवसाय कोपा व हॉस्पिटल हाउस कीपिंग (एनसीवीटी) में प्रवेश के लिए 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभागीय वेबसाइट सीजीआईटीआईएडमिशन्सनिकइन के ऑनलाइन एप्लीकेशन 2025 पर क्लिक कर अपना रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### स्कूटी चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** स्कूटी चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गोपाल कृष्ण गुप्ता शीतला कालोनी कृष्णा ग्रांड सिटी ब्लॉक न0 जी/21 कोहका में रहते है। उनकी सफेद रंग की स्कूटी सीजी-07 एएफ 2803 को भतीजी अलिशा गुप्ता शांति नगर सड़क न0 2 के पास खड़ी करके निकल गया था। जब लौटकर आया तो उसकी स्कूटी गायब मिली। आसपास खोजबीन करने के बाद वाहन नहीं मिलने पर शिकायत पुलिस से किया गया। मुखबिर की सूचना पर 18 नंबर रोड़ पर आटोडील की दुकान में वाहन बेचने की फिराक में युवक घूम रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोहका निवासी रितिक रोशन को पकड़ा गया। युवक के पास से पुलिस ने को जब्त किया।

# जमीन के मामले में एसएसपी की धौंस दिखाकर धमकाने वाला आरक्षक सस्पेंड

## एसएसपी ने कहा- पुलिस जनता की मदद के लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

खबर का असर

सरकारी जमीन में कब्जे की लड़ाई, एसएसपी के गार्ड के खिलाफ धमकाने की शिकायत



एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल ने अपने गार्ड हरेराम यादव को जमीन के एक मामले में अनावेदक को धमकाने के मामले में आरोपी पाते हुए सस्पेंड कर दिया है। इस आदेश के साथ ही आरक्षक को रक्षित केंद्र दुर्ग से 13वीं वाहिनी मुख्यालय छसबल कोरबा वापस भेज दिया गया है।

आपको बता दें कि शिखर नायर नाम के एक युवक ने दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल और सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी के पास लिखित में एक शिकायत की थी। शिकायत में उसने आरोप लगाया था कि भिलाई में सुपेला थाना अंतर्गत पांच रास्ता में उसका एक प्लॉट है। वह प्लॉट उसके पिता चंद्रमोहन नायर के नाम पर रजिस्ट्री है। उस जमीन पर विनोद यादव नाम का व्यक्ति जो प्लॉट के बगल से रहता है कब्जा करना चाहता है। वो जब भी अपने प्लॉट पर कब्जा करने जाता है तो विनोद यादव उससे विवाद शुरू कर धमकी देता है। इतना ही नहीं विनोद यादव ने सुपेला थाने में उसके खिलाफ झूठी शिकायत कर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया।

थाने से बुलावा आने पर जब वो थाने जमीन के कागजात लेकर पहुंचा तो वहां विनोद यादव के साथ हरेराम यादव नाम का सिपाही मिला। उसने शिखर नायर को धमकी दी कि वो एसएसपी विजय अग्रवाल का गार्ड है। वो इस जमीन को विनोद यादव के नाम कर दे नहीं तो वो उसे झूठे केस में फंसा देगा। उसने नायर से कहा कि वो कोरे कागज में लिखकर थाना प्रभारी को दे दे कि उस जमीन से उसका कोई वास्ता नहीं है। लेकिन नायर नहीं माना और हरेराम यादव के खिलाफ शिकायत कर दी। शिकायत मिलने के बाद एसएसपी विजय अग्रवाल ने मामले की जांच सीएसपी भिलाई नगर सत्या प्रकाश तिवारी को सौंपी। सीएसपी तिवारी अभी जमीन के मामले की जांच कर रहे हैं। इधर एसएसपी विजय अग्रवाल ने अपने गार्ड सिपाही हरेराम यादव को सस्पेंड करते हुए उसे 13वीं वाहिनी मुख्यालय छसबल कोरबा वापस भेजने का आदेश दिया है।

### सरकारी जमीन की हुई है फर्जी रजिस्ट्री, पुलिस कर रही मामले में जांच

एक तरह जहां एसएसपी विजय अग्रवाल ने अपने गार्ड को पुलिस धौंस दिखाने और धमकी देने के मामले में सस्पेंड किया है, वहीं सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी का कहना है कि जिस जमीन को अपना बताते हुए शिखर नायर दावा कर रहा है वो सरकारी जमीन है। उस पर नगर निगम भिलाई का अधिकार है। वहां एक नहीं बल्कि सैकड़ों घर इतनी तरह निगम की जमीन पर कब्जा करके बन चुके हैं। इसके बाद भी नगर निगम इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।


हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________


## मौसम विभाग ने चेताया, तीन दिन बाद बारिश के आसार

# हल्की बारिश, पारा दो दिन से स्थिर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जिले में मानसून की बेरूखी जारी है। सोमवार को जिले के कुछ हिस्सों में हल्की फुहारें पड़ी, इसके चिपचिपी और उमसभरी गर्मी और बढ़ गई। इसने लोगों को बेचैन किया। बता दें कि पिछले दो दिनों से जिले का मौसम स्थित है। अधिकतम 34.4 डिग्री पर ठहरा हुआ है, जो सामान्य से लगभग दो डिग्री कम है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिनों में बारिश की संभावना बन रही है। बता दें कि 15 जून के बाद से छत्तीसगढ़ में मानसून की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ गई थी। अब मौसम विभाग ने सरगुजा सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में और बस्तर सहित दक्षिण छत्तीसगढ़ के 13 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।



### 25 के बाद जिले में अच्छी बारिश के संकेत

मौसम विभाग के मुताबिक जिले में 25 जून के बाद अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग ने बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ-कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अगले चार-पांच दिनों तक पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी। दुर्ग के अलावा बेमेतरा, कबीरधाम में अनेक स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।

### दिनभर छाए रहे बादल कहीं-कहीं बूंदाबांदी

इधर दुर्ग में सोमवार को दिन में बादल छाए रहे, दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इसकी वजह से उमसभर गर्मी बढ़ गई। धूप नहीं खिलने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की, लेकिन चिपचिपी गर्मी ने उन्हें बेचैन रखा। मौसम विभाग के मुताबिक ओडिशा के तटीय इलाके में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय हुआ है। इसके आगे बढ़ने और ज्यादा प्रबल होने की संभावना है। आगामी 72 घंटों में इसके छत्तीसगढ़ की सीमा तक पहुंचने की संभावना है। इससे दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना बन रही है।

# भारतमाला परियोजना से प्रभावित 250 से अधिक किसानों ने लगाई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राजनांदगांव के टेडेसरा से रायपुर के अभनपुर तक बनने वाले सिक्सलेन कारीडोर में बडे पैमाने पर गडबडी सामने आने के बाद दावा बीस जून तक दावा आपत्ति मंगाई गई थी, जिसमें अब तक जिले से ढाई सौ से अधिक जमीन मालिको ने भूमि अधिग्रहण को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। बहरहाल निराकरण कब तक किया जाएगा, इसे लेकर स्पष्ट निर्देश नही दिए गए है।

उल्लेखनीय है कि, भारतमाला परियोजना में रायपुर की तरह दुर्ग में भी बडे पैमाने पर गडबडी की गई है। जिसे लेकर जिले के प्रभावित किसानों ने सडक पर उतरकर आंदोलन भी किया था। किसानों के लगातार दबाव के बाद ही दावा आपत्ति की प्रक्रिया विगत छः जून से शुरू की गई थी। इस दौरान आखिरी मियाद बीस जून निर्धारित थी, जिसमें ढाई सौ से अधिक ने दावा आपत्ति लगाया है। हांलाकि इससे पहले भी प्रभावितो ने मुआवजे को लेकर सवाल उठाया था। उस दौरान भी करीब डेढ सौ प्रभावित जमीन मालिको ने संभागायुक्त कोर्ट (आर्बिटेशन) में केश लगाया था। उसकी भी सुनवाई की जा रही थी। बहरहाल दावा आपत्ति किए जाने के बाद प्रभावित किसान निराकरण को लेकर इंतजार कर रहे है।

## भू-अर्जन में इस तरह की गड़बड़ी उजागर, जिसकी अब तक नहीं की गई जांच

**केस 1**

### एक जमीन का अलग प्रकरण

ग्राम धनोरा के पहनं 39 के खसरा नंबर 289/17 में 0.027 हेक्टेयर (दो सौ वर्गमीटर) जो पांच सौ वर्गमीटर से कम है। इसका निर्धारण हेक्टेयर में किया गया हैं। जबकि पांच सौ वर्गमीटर से किया जाना था। जबकि धनोरा पहनं 39 में ही 289/5 में दर्ज इतने ही जमीन का 0.027 हेक्टेयर का निर्धारण वर्गमीटर में किया गया हैं। इस तरह भू अर्जन अधिकारी द्वारा एक ही जमीन का अलग-अलग प्रकरण तैयार किया हैं।

**केस 2**

### राशि गलत तरीके से बांटी गई

खसरा नंबर 116/3 में अर्जित रकबा (मुआवजे के लिए) 0.0340 हेक्टेयर हैं। इसे 340 मीटर दर्शाने के बजाय इस खसरे में दर्ज टोटल जमीन 0.1090 हेक्टेयर यानि 1090 वर्ग मीटर दर्शाकर 31 लाख 40 हजार 691 रूपए मुआवजा दिया गया हैं। ठीक इसी गांव में खसरा नंबर 116/6 में अर्जित रकबा 130 वर्गमीटर का उल्लेख करने के बजाय कुल रकबा 230 वर्गमीटर दर्शाकर की गणना कर 6 लाख 62 हजार 714 रूपए गलत तरीके से बांट दिए गए। इसी गांव में 116/13 खसरा नंबर में दर्ज अर्जित रकबा 250 वर्गमीटर के बजाय कुल रकबा 290 वर्गमीटर दर्शाया गया हैं।

**केस 3**

### उमरपोटी में भी सामने आई खामी

उमरपोटी के पहन 42 खसरा नंबर 116/1 का 116/14 रकबा 0.0200 है। विगत आठ नवंबर 2024 को हेक्टेयर में यह 0.001 और वर्गमीटर में पहले दस वर्गमीटर दर्शाया गया। जबकि इसी जमीन का थ्रीडी प्रकाशन के बाद फिर से 17 अप्रैल 2025 को सौ वर्गमीटर बता दिया गया और 12 लाख 28 हजार का मुआवजा राशि बनाया गया। इसमें 116/1 खसरे से 116/14 अलग करके प्रकरण बनाया गया। पहले 28814 रूपए बताया गया और दुसरे बार में 12 लाख 28 हजार बताया गया।

### करेंगे निराकरण

भारतमाला परियोजना को लेकर ढाई सौ करीब आपत्ति आए है। सभी का निराकरण किया जाएगा। इसमें कम मुआवजा मिलने जैसे शिकायते अधिक है।

**-सत्यानारायण राठौर,** संभागायुक्त दुर्ग

## खबर संक्षेप



### मेयर ने किया सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

दुर्ग। मेयर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर व निगम अधिकारी और ठेकेदार के साथ कैलाश नगर में बन रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उन्होंने सीसी सड़क निर्माण स्थल पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग और सड़क की उचित तराई पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने ठेकेदार को सड़क निर्माण के नियमों का पालन करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सड़क निर्माण के बाद उचित तराई की जाए और सड़क को मजबूती देने की दिशा में कार्य करें। सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा के सभी उपाय किए जाएं। बता दें कि सीसी सड़क निर्माण कार्य जो कि अधोसंरचना विकास योजना के तहत किया जा रहा है एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

### ई-ऑफिस प्रशिक्षण आज

दुर्ग। जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस के संचालन के लिए 24 जून को बीआईटी ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्वान्ह 10.30 से अपरान्ह 12.30 बजे तक तथा अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे तक दो पालियों में ट्रेनर्स द्वारा ई-ऑफिस विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**पीड़ा : सात साल पुराने कर्ज को लेकर अचानक किसानों से हो रही रिकवरी**

# खाते में घपला: फोन कर कह रहे कर्ज की राशि बकाया, सकते में किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधीन आने वाले अंडा ब्रांच के सोसायटियों में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। वर्ष 2018-19 में कर्ज लेने वाले किसानों को सात साल बाद फोन कर कर्ज की राशि बकाया होने की सूचना दी जा रही है। जिससे हड़बड़ाए किसानों में हड़कंप की स्थिति निर्मित है। सोसायटी से फोन आने के बाद सवाल यह है कि, अगर कर्ज की राशि बकाया थी, तो सात साल से नियमित लेन देन कैसे हो रहा था।**

जानकारी अनुसार अंडा, रिसामा, विनायकपुर, चिंगरी और अछोटी जैसे सोसायटी के किसानों से अब तक शिकायत सामने आई है। रिसामा के किसान योगेश चंद्राकर ने बताया कि, इतने पुराने कर्ज को लेकर मौखिक तौर पर सूचना दी जा रही है।

टिकेन्द्र साहु ने बताया कि, उन्हे भी सोसायटी से फोन आया था। वहां जाने पर पता चला कि, डीएमआर खाते में कर्ज की राशि बकायदा दिखाया जा रहा है। इसी तरह से सौरभ चंद्राकर ने भी बताया कि, रिसामा सोसायटी से उन्हे भी फोन आया था। किसानों ने बताया कि, जिन्हें फोन कर कर्ज की राशि बकाया होना बता रहे है, वे लगातार बैंक से लगातार नियमित केसीसी खाते से लेनदेन कर रहे है। किसानों का आरोप है कि, बैंक के अधिकारियों द्वारा गडबडी की गई है, जिसके चलते कर्ज की राशि भुगतान होने के बाद भी शेष दिखाया जा रहा हैं। इस संबंध में ब्रांच मैनेजर नीतू शर्मा का कहना है कि, इस तरह की शिकायत उन्हें नही मिली है।

## सात साल पुराने कर्ज को लेकर किसानों से कर रहे संपर्क

### डीएमआर खाते से हो रही किसानों को परेशानी

अंडा के किसानों ने बताया कि, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और सहकारी समिति के अधिकारियों की गलती के चलते किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसानों को कर्ज पटाने के लिए फोन आ रहा है, जो 2018-19 में लिया गया था। उनके खातों को सहकारी समितियां में कर्ज पट चुका है। बता दिया गया था। उसके बाद अचानक से वसूली के लिए फोन आ रहा है। जिससे किसान परेशान है, यह गलती कर्मचारियों अधिकारियों की है। किसान खेती करें कि, सोसाइटियों के चक्कर लगाए।




### मौखिक जानकारी देकर बुला रहे

अंडा सोसायटी में ही करीब सौ से अधिक किसानों का खाता बकाया बताया जारहा है। जिसके बाद किसानों को मौखिक फोन कर बुलाया जा रहा है। जबकि नियमतः अगर कर्ज की राशि बकाया है तो पत्र जारी किया जाना था। लेकिन सोसायटी के कर्मचारी किसानों को फोन के जरिए बुलाकर कर्ज खाता का निपटारा भी कर रहे है। अंडा सोसायटी में अब तक तीस खातों का निपटारा भी किया जा चुका है।

### कर्ज माफी में हुई भारी गड़बड़ी

जानकारी अनुसार राज्य में कांग्रेस की सत्ता आने के दौरान मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने कर्जमाफी की घोषणा की थी। इस दौरान उन्होने अल्पकालीन कर्ज में राहत देते हुए कर्ज भी माफ किया था। उस दौरान किसानों के खाते से कर्ज का ब्यौरे में गडबडी किए जाने की बात सामने आ रही है। सात साल बीतने के बाद अब किसानों के खाते को खंगाला जा रहा है। अगर प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच कराई जाए तो सोसायटी प्रबंधक कटघरे में आ सकते है।

### किसान परेशान

वर्ष 2018-19 का कर्ज बकाया होने की सूचना किसानों को दी जा रही है। आधा दर्जन से अधिक किसानों को फोन आ चुका है। जिससे किसान परेशान हो रहे हैं।

**-विक्की मिश्रा,** पूर्व जनपद सभापति दुर्ग

### सोसायटी से पता चलेगा

कर्ज बकाया होने संबंधी जानकारी सोसायटी से मिल जाएगी। ब्रांच में अभी तक इस तरह की शिकायते नही मिली हैं।

**-एसके जोशी,** सीईओ, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग

# निजी भूमि से अवैध कब्जा हटाने जनदर्शन में गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जनदर्शन कार्यक्रम में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 138 आवेदन प्राप्त हुए। जिसके निराकरण का निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए।

- जनदर्शन में 138 आवेदन प्राप्त, निराकरण के निर्देश

भिलाई के सेक्टर-5 स्थित बीएसपी यूनिट-24 में निवासरत कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से बारिश के मौसम में बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। रहवासियों का कहना है कि, वे कई वर्षों से अस्थायी-स्थायी रूप से इन आवासों में रह रहे हैं। बीएसपी द्वारा इन मकानों को "डैमेज आवास" की श्रेणी में डालकर बेदखली की कार्यवाही की जा रही है, जिससे दर्जनों परिवार खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर हो रहे हैं। बारिश के मौसम में इस तरह की कार्रवाई से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

एक अन्य मामले में भिलाई निवासी ने निजी भूमि पर बने वैध सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटाने की गुहार लगाई। आवेदक ने बताया कि रास्ते पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिससे उनकी ज़मीन तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में तहसीलदार द्वारा कब्जा हटाने आदेश पारित किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। इससे आवेदक को मानसिक तनाव और दैनिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### आंगनबाडी के पास से घुरवा से बच्चे परेशान

ग्राम मोरिद के वार्ड क्रमांक 39 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के पास बने घुरवा को हटाने की मांग स्थानीय पार्षद ने की है। पार्षद ने बताया कि, उक्त स्थान पर भैंस खटाल का गोबर फेंका जाता है, जिससे बारिश के मौसम में सड़न, बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। वार्ड 15 सिकोला बस्ती, दुर्ग के निवासियों ने दुर्ग-धमधा मार्ग पर स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल और पुलिस नाका चौक के पास गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाने की मांग की है। नागरिकों ने बताया कि इस सड़क पर तेज रफ्तार में वाहनों का आवागमन होता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विशेषकर सिकोला बस्ती के प्रवेश द्वार और पास ही स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास राहगीरों और मरीजों को भारी परेशानी होती है।

# साइंस कॉलेज में प्रवेश की दूसरी सूची जारी

दुर्ग। साइंस कॉलेज में प्रवेश की द्वितीय सूची जारी की गई है। जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 724 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। बी.एससी प्रथम सेमेस्टर (गणित) समूह में सामान्य वर्ग के लिए कटआफ प्रतिशत 62.8, अन्य पिछड़ा वर्ग 55, अ.ज. वर्ग 50.2 तथा अ.ज.जा. वर्ग के लिए 53.4 रहा। इसी प्रकार बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में सामान्य वर्ग के लिए कटआफ प्रतिशत 72.4, अन्य पिछड़ा वर्ग 65, अ.ज. वर्ग 57 तथा अ.ज.जा. वर्ग के लिए 55 रहा। वहीं बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में जारी द्वितीय सूची के अनुसार सामान्य वर्ग कटआफ प्रतिशत 62.6, अन्य पिछड़ा वर्ग 60, अ.ज. वर्ग 42.4 तथा अ.ज.जा. वर्ग के लिए 45 प्रतिशत रहा।



# खैरझिटी सबस्टेशन की बढ़ाई क्षमता, 9 गांवों में दूर होगी बिजली की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

उपभोक्ताओं एवं किसानों को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत सप्लाई देने के लिए विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाई जा रही हैं।

- दो हजार उपभोक्ता होंगे लाभान्वित



इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा विभागीय संभाग अहिवारा के अंतर्गत स्थित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र सबस्टेशन खैरझिटी में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता 3.15 एमव्हीए से बढ़ाकर 5 एमव्हीए किया गयाए। कार्य पूर्ण होने से उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले 9 ग्रामों के लगभग 2100 उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी। पूर्व से सबस्टेशन में एक नग 5 एमव्हीए एवं एक नग 3.15 एमव्हीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित थे, जिनमें से एक नग 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 05 एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस कार्य से उपकेंद्र की क्षमता बढकर 10 एमवीए हो गई है, जिससे ओवरलोड की समस्या का निराकरण हो गया है।

यह कार्य लगभग 46 लाख 65 हजार रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। मुख्य अभियंता ने उक्त कार्य को क्षेत्र में उपभोक्ताओं एवं किसानों के हित में सतत विद्युत आपूर्ति के लिए सराहनीय बताते हुए कहा कि 33/11 केव्ही सबस्टेशन खैरझिटी में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने से ग्राम खैरझिटी डिहिपारा, भाटाकोकड़ी, घोटवानी, मुड़पार, धुमा, रौंदा, परसकोल एवं बिरेभाट के लगभग 2100 किसान एवं उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

### 50वीं वर्षगांठ का आयोजन कल

दुर्ग। 25 जून 1975 में लोकतंत्र की पूर्व सरकार द्वारा हत्या की गई थी और आपातकाल लगाया गया था इसकी 50वीं वर्षगांठ 25 जून को पूर्ण हो रही है जिसे लेकर भाजपा द्वारा तैयारियां तेजी से की जा रही है। आयोजन को लेकर आज जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी आएंगे। कार्यक्रम को लेकर वे इसकी विस्तार से जानकारी देंगे। पार्टी द्वारा तैयारी की जा रही है।

# फर्स्ट बटालियन की सड़क का डामरीकरण, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 60 में सीमेंटीकरण सड़क बनाने विधायक गजेन्द्र यादव ने महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, स्थानीय पार्षद नीरा खिचारिया व नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। दुर्ग की सभी सड़कों पर आवागमन बेहतर बनाने प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जा रहा है। गौरतलब है कि चुनाव के पूर्व क्षेत्र की जनता ने सड़क खराब होने के कारण आने जाने में हो रही समस्या से अवगत कराते हुए डामरीकरण की मांग की गई थी। जिससे आवागमन बेहतर हो सके। आज भूमिपूजन के साथ चुनावी वादे का पूरा होने पर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा वार्ड 60 में 50 लाख की लागत से वीर कोमल द्वार से प्रशासनिक भवन तक सड़क का डामरीकरण करने भूमिपूजन किया। मौके पर देवनारायण चंद्राकर, साजन जोसफ आदि मौजूद थे।

# निगम सम्पत्ति कर की राशि में 6 फीसदी की मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगर पालिक निगम राजस्व विभाग अमला द्वारा टैक्स पटाने पर 6 फीसदी की छूट दी जाएगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्ति कर की राशि में 6 फीसदी की छूट दी हैं। अफसरों ने बताया कि करदाता आज से ही इस छूट का फायदा उठा सकते हैं, वहीं 30 जून के पहले करदाता अपनी संपत्ति का ब्यौरा दे सकते है। महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि संपत्ति कर पर टैक्स पटाने पर छः फीसदी छूट दी गई हैं, छूट वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम ने शहरवासियों को संपत्ति कर पटाने पर 6 प्रतिशत की छूट दी जा रही। छूट मिलने का लाभ करदाता अवश्य उठाये। महापौर ने कहा कि, 6 फीसदी छूट का लाभ लेते हुए सभी अपना टैक्स जमा करे। साथ ही महापौर और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वसूली में गति लाने टीम बनाकर बड़े बकायादारों के पास डोर टू डोर संपर्क करने कहा है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**

प्रेस - विज्ञापन

विषयः-स्थल जांच बाबत।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ.क्र. क्यू दिनांक 13/06/2005 के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 16. भूमिस्वामी श्री / श्रीमती बृजलता शर्मा पिता/पति संतोष शर्मा निवासी धमधा नाका, दुर्ग द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 296/77 रकबा 0.008. हे. जिसकी सीमा उत्तर में पटेल की जमीन दक्षिण में रोड पूर्व में 10 फीट गली तथा पश्चिम में नाला है। का सीमांकन दिनांक 02/07/2025 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 12:30 बजे किया जावेगा कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक- 23/06/2025

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-सिकोला

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देश पर यह सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार लक्ष्मी के पति स्व. के. कृष्णा राव निवासी केम्प 1, साई नगर, ब्लाक नं. 110ए, तह. व जिला दुर्ग ने भूमि स्वामी /विक्रेता पुष्पक वाढेर आ. श्री गिरीश वाढेर से उसके हक स्वामित्व व कब्जे की जामुल, वार्ड नं. 14, राजीव नगर वार्ड, प.ह.नं. 13/18, रा.नि.मं. दुर्ग 01, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. जिसका खसरा नम्बर 114/19 कुल रकबा 0.090 हे. में से 850 वर्गफीट = 78.99 वर्ग मीटर को खरीदने का पक्का सौदा कर विक्रेता के साथ इकरारनामा निष्पादित कर अग्रिम ब्याना राशि विक्रेता को अदा कर दी है। उपरोक्त सौदे / इकरारनामा पर किसी भी कंपनी, संस्था, फर्म, साहूकार, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में सम्पुष्ट दस्तावेज के साथ आपत्ति दर्ज करा सकता है। समय बाद की गई आपत्ति मान्य नही होगी और मेरा पक्षकार रजिस्ट्री कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा व इससे क्रेता के स्वत्व में कोई प्रभाव नही पड़ेगा।

दिनांक 23/06/2025

अजीत कुमार वैष्णव
अधिवक्ता
वार्ड नं. 30 मोतीपारा स्टेशन रोड
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग.
मो.नं. 9827169035

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देश पर यह सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार लक्ष्मी के पति स्व. के. कृष्णा राव निवासी केम्प 1, साई नगर, ब्लाक नं. 110ए, तह. व जिला दुर्ग ने भूमि स्वामी /विक्रेता श्रीमती स्मिता टॉक ध.प. श्री उत्पल टॉक से उसके हक स्वामित्व व कब्जे की जामुल, वार्ड नं. 14, राजीव नगर वार्ड, प.ह.नं. 13/18, रा.नि. मं. दुर्ग 01, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. जिसका खसरा नम्बर 114/19 कुल रकबा 0.090 हे. में से 850 वर्गफीट = 78.99 वर्ग मीटर को खरीदने का पक्का सौदा कर विक्रेता के साथ इकरारनामा निष्पादित कर अग्रिम ब्याना राशि विक्रेता को अदा कर दी है। उपरोक्त सौदे / इकरारनामा पर किसी भी कंपनी, संस्था, फर्म, साहूकार, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में सम्पुष्ट दस्तावेज के साथ आपत्ति दर्ज करा सकता है। समय बाद की गई आपत्ति मान्य नही होगी और मेरा पक्षकार रजिस्ट्री कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा व इससे क्रेता के स्वत्व में कोई प्रभाव नही पड़ेगा।

दिनांक 23/06/2025

अजीत कुमार वैष्णव
अधिवक्ता
वार्ड नं. 30 मोतीपारा स्टेशन रोड
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग.
मो.नं. 9827169035

**न्यायालय : प्रधान जिला न्यायाधीश, दुर्ग (छ.ग.)**

**समंस**

एम.जे.सी. प्रकरण क्रमांक 115/2025
पेशी तारीख 24.07.2025
प्रोसेस क्रमांक 414/2025

1. प्रत्यक्षा मिश्रा, उम्र-17 वर्ष पिता स्व. सूर्य प्रकाश मिश्रा नाबालिग तरफ से नैसर्गिक संरक्षिका वली माता मीना मिश्रा उम्र 56 वर्ष पति स्व. सूर्य प्रकाश मिश्रा,
2. मीना मिश्रा उम्र 56 वर्ष पति स्व. सूर्य प्रकाश मिश्रा

पता- आमदी मंदिर वार्ड नंबर 24 दुर्ग, मोहन नगर थाना के सामने स्टेशन रोड, दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)....आवेदिकागण

विरुद्ध

1. आम जनता
2. शरद मिश्रा पिता स्व. कृष्ण लाल मिश्रा, पता - आमदी मंदिर वार्ड नंबर 24 दुर्ग मोहन नगर थाना के सामने स्टेशन रोड दुर्ग (छ.ग.)
3. प्रणिता तिवारी पति संतोष तिवारी, पता- वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव छ.ग.
4. नमिता दुबे पति रूप नारायण दुबे पता- शंकर नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. ....अनावेदकगण

बनाम : **आम जनता, जिसका मृतक स्व. सूर्य प्रकाश मिश्रा तथा उनकी पत्नि श्रीमती मीना मिश्रा, उम्र-56 वर्ष एवं उनकी अवयस्क संतान नाबालिक प्रत्यक्षा, उम्र-17 वर्ष की सम्पत्ति से संबंध हो।**

उपरोक्त आवेदिकागण / आवेदकगण ने **आवेदन पत्र धारा-08 हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956** के अंतर्गत आवेदकगण के संयुक्त खाते की ग्राम-आमदी मंदिर वार्ड नंबर 24 प.ह.न. 19, रा.नि.मं. दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 1342/204 का रकबा 0.030 हेक्टेयर लगभग 3200 वर्गफीट भूमि में से सयुक्त रूप से आवेदिका को उनके हक व हिस्से की बराबर की भूमि को आवेदक की माता एवं वली पालक को प्राकृतिक संरक्षक व वादमित्र के माध्यम से विक्रय करनें की अनुमति प्रदान करनें बाबत प्रस्तुत किया है।

आम जनता को जिसका उस भूमि से संबंध हो इस समंस के द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आपको यदि ऊपर वर्णित आवेदकगण के संयुक्त खाते की भूमि में आवेदकगण नाबालिक क्र 1 स्वामित्व की भूमि को अनावेदक क्रमांक 02 द्वारा विक्रय करनें की अनुमति प्रदान करनें के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो इस न्यायालय के समक्ष **दिनांक 24.07.2025** को दिन के **11:00** बजे, स्वयं या ऐसे वकील के माध्यम से, जिन्हें प्रकरण के तथ्यों से अच्छी तरह से समझा दिया गया हो, जो ऐसे प्रश्नों का जवाब दें सकें, या ऐसा व्यक्ति मौजूद हो, जो कि ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सकें, के लिए हाजिर हो और ऐसे सभी दस्तावेजों व साक्ष्य को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, जिन पर बचाव के समर्थन में भरोसा रखना चाहते हों।

यदि आवेदन की सुनवाई उक्त नियत दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण नहीं होती है अथवा नियत तिथि पर मैं अवकाश पर जाता हूँ, या अन्य किसी कारण से सुनवाई उक्त तिथि को नहीं होती है, तो उसके दुसरे कार्यदिवस में आवेदन कि सुनवाई की जायेगी और उक्त तिथि को भी आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय रूप से आवेदक के आवेदन का निराकरण किया जायेगा।

आज दिनांक **23/06/2025** को इस न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से सूचना जारी किया गया है।

(के. विनोद कुजूर)
प्रधान जिला न्यायाधीश, जिला दुर्ग (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### धमधा में अग्निवीर चंद्रकुमार का स्वागत

**धमधा।** नगर के युवक चंद्रकुमार का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में हुआ है जिसके बाद उनके धमधा नगर के प्रथम आगमन पर जन सैलाब देखने को मिला। युवा, महिलाओं का भीड़ उमड़ पड़ा और धमधा के सपूत का सभी लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। वही इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि आरुणि दानी ने बताया कि यह पूरे देश के साथ साथ नगर के लिए बड़े गौरव की बात है जो आज चंद्रकुमार साहू का चयन भारतीय सेना में भारत माता की सेवा के लिए युवा है हम पूरे नगर वासी सच्चे दिल से स्वागत करते है। इस मौके पर सजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू एवं पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने दूरभाष के माध्यम से चंद्रकुमार को बधाई दिया।

### प्रयास विद्यालय के लिए दो बच्चों का चयन



**पाटन।** प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए शास. पूर्व माध्य. विद्यालय तरीघाट वि. ख.पाटन के दो बच्चे भूपेश निषाद और सत्य प्रकाश कोसरे का चयन हुआ है। चयनित बच्चों को कक्षा 9वी से 12वीं तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान की जाती है इसके साथ-साथ अखिल भारतीय स्तर की इंजीनियरिंग एवं मेडिकल व अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे जेई मैंस/एडवांस नीट , एनडीए इत्यादि परीक्षाओं के लिए भी आवश्यक तैयारी कराई जाती है।

### सांकरा में लोक सेवा व दस्तावेज शिविर



**सेलूद।** ग्राम पंचायत सांकरा में लोक सेवा एवं दस्तावेज शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में आधार कार्ड से संबंधित कार्य नाम, पता, जन्मतिथि, फोटो में संशोधन और नया कार्ड जारी करने की कार्यवाही की गई साथ ही आधार कार्ड, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया। लगभग 200 लोगों ने इस शिविर मे अपने दस्तावेज सुधार करवाये। इस अवसर पर सरपंच रवि सिंगौर, उपसरपंच रामशरण बंधे, विमल कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

## निधन

### योगेंद्र कुमार पांडेय



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी और भाजपा नेता मैत्री नगर रिसाली निवासी योगेंद्र कुमार पांडेय (मुन्ना) 56 वर्ष का यशोदा हॉस्पिटल हैदराबाद में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 11 बजे राम नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। निवास सड़क 5-ए, मकान नंबर 60/2 मैत्री नगर से अंतिम यात्रा निकलेगी।योगेंद्र पाण्डेय 4 भाई बहनों में दूसरे व त्रिभुवन नाथ पाण्डेय और स्व. हीरावती देवी के छोटे पुत्र, नागेन्द्र पाण्डेय के भाई थे।

### धनुक देशमुख



**दुर्ग।** ग्राम चिंगरी निवासी धनुक देशमुख का निधन 23 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बोरसी के मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेंद्र देशमुख एसडीओ व प्रेम लाल देशमुख के भाई थे।

### रोहिणी बेलचंदन



**भिलाई।** निकुम निवासी रिटायर्ड टीचर 80 वर्षीय रोहिणी बेलचंदन का सोमवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार मंगलवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रिटायर्ड टीचर झुमुक लाल बेलचंदन की पत्नी एवं पूर्व उपसरपंच मनीष बेलचंदन की मां थी ।

## मेगा स्वास्थ्य व समाधान शिविर में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद विजय बघेल

# पूर्व विधायक भसीन की पुण्यतिथि पर 92 ने किया रक्तदान, 500 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डां.रमन सिंह ने कहा है कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक विद्यारतन भसीन जीवनभर लोगों की सेवा करते रहे। उनका परिवार सिर्फ घर तक सीमित नहीं था। कार्यकर्ता, समाज और पार्टी तक उनका परिवार था। यही कारण है कि हम उन्हें आज सेवा शिविर के माध्यम से याद कर रहे हैं।

डां. रमन सिंह सोमवार को यहां पूर्व विधायक स्व. विद्यारतन भसीन की दूसरी पुण्य तिथि पर लोकभारती स्कूल के सामने गायत्री मंदिर मैदान में भसीन परिवार द्वारा आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मंच पर सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय,वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, जिला भाजपाध्यक्ष अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक और स्व. भसीन की पत्नी चंदर भसीन, और पुत्री दिव्या भसीन मक्कड़ आदि भाजपा नेता मंच पर उपस्थित थे। जब उनसे मैंने पूछा कि आपने कोई आवेदन नहीं दिया,क्या चुनाव लड़ना नहीं चाहते ? कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डां. सिंह ने कहा कि विद्यारतन भसीन ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक एक लंबी राजनीतिक यात्रा की। उनके चेहरे पर सदैव मुस्कान रहती थी। वे दूसरों की पीड़ा को अपना दर्द समझते थे।

**गायत्री मंदिर मैदान में श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन**



एक महापौर के रुप में उन्होंने शहर का बेहतर विकास किया और एक विधायक के रुप में जल आवर्धन योजना को पूर्ण कर पेजल समस्या का निदान किया। तालाबों का का सौंदर्यीकरण कराया और मात्र सौ रुप में लोगों के अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध कराने की योजना लाई। डां. रमन सिंह ने कहा कि स्व भसीन को बहुत नजदीक से जानने, समझने और सोच बनाने का अवसर मुझे विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण के समय मिला। जब उनसे मैंने पूछा कि आपने कोई आवेदन नहीं दिया, क्या आप चुनाव लड़ना नहीं चाहते। जवाब में उन्होंने सहजता से कहा मैंने कोई आवेदन नहीं दिया है, यदि पार्टी कहेगी तो कहीं से भी चुनाव लड़ने तैयार हैं। सांसद विजय बघेल ने कहा कि स्व. भसीन ने अपने दीर्घ राजनीतिक सफर में मानव सेवा की अमिट छाप छोड़ी। यह वजह है कि वे दो बार वैशालीनगर के विधायक और पहले महापौर के रुप अपने सेवा कार्यों के लिए याद किये जा रहे हैं। वे जब किसी पद पर नहीं थे, तब भी उतने से सक्रिय और लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि स्व. भसीन हमारे प्रेरणास्त्रोत रहे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि विद्या रतन भसीन मानव सेवा की अमिट छाप थे। यही कारण है कि वे एक बार महापौर व और दो बार विधायक रहे। उनके सेवाभाव की परंपरा को उनकी पुत्री दिव्या भसीन आगे बढ़ा रही हैं। मैं जब जब विधानसभा चुनाव लड़ा, वे हमारे चुनाव संचालक रहे। वे सहज सरल थे। पूर्व में स्पीकर डां. सिंह सहित सभी मंचस्थ लोगों ने स्व. विद्यारतन भसीन के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष बृजेश बिजपुरिया, जिला महामंत्री शंकरलाल देवांगन, पार्षद ललित मोहन, पार्षद सीजू एंथोनी, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष अनिल मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### भाजपा नेताओं सहित 92 लोगों ने किया रक्तदान



मेगा स्वास्थ्य शिविर एवं समस्या का समाधान शिविर में शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्ष चिकित्सकों द्वारा आंखों का इलाज कान नाक व गला का इलाज हड्डी रोग स्त्री रोग का 170 मरीज का इलाज किया गया। आइडिया दुर्गा की टीम द्वारा 150 मरीजों का दंत परीक्षण और रुंगटा डेंटल कॉलेज द्वारा 85 दांत के मरोजों का मोबाइल वैन में चेकअप किया गया । अक्षय आयुर्वेद के डां. अशोक विश्वकर्मा व डां. साहू द्वारा चर्म रोग सफेद वात रोग कमजोरी संधियों का इलाज व एक्यूप्रेशर से संबंधित बीमारियों का इलाज डीआरडीओ शिरसाट एवं पंकज सिरसा द्वारा किया गया । शिविर में 500 लोगों ने आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, गुमास्ता लाइसेंस, आधार कार्ड बनवाया बच्चों के भविष्य के लिए करियर लॉन्चर सिविक सेंटर द्वारा जानकारी प्रदान की गई शिविर में एचएसआरपी नंबर प्लेट भी बनाया गया । रामकृष्ण रायपुर के सहयोग से रक्तादन शिविर में ललित मोहन, राम उपकार तिवारी, पुष्पा मिश्रा, नोहर वर्मा, संजय मक्कड़, राहुल परिहार सहित 92 लोगों ने रक्तदान किया । रक्तदान करने वाले का सम्मान सर्टिफिकेट द्वारा डां सिंह ने किया।

# डुंडेरावासी शिकायत करने आधी रात को पहुंचे बिजली ऑफिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

- शिकायत के घंटों बाद भी नहीं कर्मचारी नहीं पहुंचते

विद्युत वितरण कंपनी रुआबांधा रिसाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुंडेरा के नागरिक बार-बार बिजली बंद हो जाने की समस्या से जूझ रहे हैं। मामूली फाल्ट होने के बाद भी कई घंटों तक बिजली को बनाने कर्मचारी नहीं पहुंचते। गत रात्रि भी डुंडेरा के आश्रम नगर टांसफार्मर से लाइन चली गई जिसकी शिकायत करने के बाद भी सुधारने के लिए रात 12 बजे तक रिसाली बिजली कार्यालय से कर्मचारी नहीं पहुंचे थे, जिससे परेशान मोहल्लेवासियों ने महिलाओं सहित आधी रात को नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे के साथ रिसाली विद्युत कार्यालय पहुंचे और बिजली कर्मचारी के निकलने तक आफिस



में ही बैठे रहे। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही बारिश पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर घंटो बिजली बंद किया गया था उसके बाद भी आय दिन डुंडेरा में बिजली गुल की समस्या बनी ही रहती है। कई बार विभाग को अवगत कराने के बाद भी सुधार नही किया जाता है। उक्त मोहल्ले के ट्रांसफॉर्मर में रोज फाल्ट आ रही थी जिसकी सूचना भी विभाग को दी गयी थी जिसका भी परमानेंट निराकरण नही हो पाया। गत रात्रि उसी ट्रांसफॉर्मर के एक फेस फिर से बंद हो गया जिसकी शिकायत करने के घंटों बाद भी कोई कर्मचारी बनाने नही पहुंचे थे।

# बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता का योगदान महत्वपूर्ण, शिविर में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

- स्टाप डायरिया अभियान में लोगों को दी जानकारी

पाटन के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ को स्टाप डायरिया अभियान के संबंध में रोकथाम और उपचार बचाव निदान के संबंध में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका, फील्ड स्वास्थ्य सुपरवाइजर, एलएचव्ही, विकास खंड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी को खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यशाला आयोजित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों का प्रसारण होता है इसमें उल्टी दस्त भी अस्वच्छता और खान-पान की गड़बड़ी के कारण से होती है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि ओआरएस और जिंक टेबलेट 14 दिन तक उल्टी दस्त में अनिवार्य लेना



चाहिए क्योंकि उल्टी दस्त से शरीर में पानी और पोषक तत्व बाहर निकल जाते हैं। उल्टी दस्त में स्वच्छता का बड़ा रोल है।

शहरी बीईईटीओ सैय्यद असलम ने कहा हर व्यक्ति को शौच करने के बाद और खाने से पहले साबुन से हाथ धोना व्यवहारिक रूप से अपनी जीवन शैली में शामिल करना चाहिए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि स्टाप डायरिया अभियान में शून्य से 5 वर्ष बच्चों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बार-बार दस्त करने से बच्चा सुस्त पड़ जाता है। मां को अपना दूध हर समय पिलाना है ओआरएस का घोल हर दस्त के बाद देना चाहिए। सब्जियों और फलों को पानी से अच्छी तरह धोकर पकाना चाहिए, बैगा गुनिया और झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार व झाड़ फूंक से बचना चाहिए क्योंकि उल्टी दस्त का सही इलाज शासकीय अस्पतालों और मान्यता प्राप्त चिकित्सक की देखभाल में कराना चाहिए। पानी क्लोरिनेशन और उबालकर ठंडा करके इस्तेमाल करना चाहिए। कार्यक्रम में बीईईटीओ सैय्यद असलम, स्वास्थ्य सुपरवाइजर उत्तम मधुकर, एलएचव्ही सुमित्रा बोकासे, देवकी, संजय मिश्रा, आरके बंजारे, भारती यदु, प्रेम राजकुमारी, जीवन यादव, ए देशलहरे, चित्रलेखा देवांगन, मधुलता लाल सहित स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

# नगपुरा में जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित व दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र हुए शामिल

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में स्थित प्राकृतिक एवं योगोपचार संस्थान श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आरोग्यम उत्सव, आरोग्यम रत्न अलंकरण एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव विशेष अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू , मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर (राजू) यादव और सरपंच




ग्राम पंचायत नगपुरा सरोज रिगरी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे डॉक्टरों का सम्मान किया गया और नवनिर्वाचित सरपंचों का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित योग कार्यक्रम में छात्रों द्वारा किए योग प्रदर्शन देखा।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा डॉ और सरपंच आप लोगों के सम्मिलित प्रयासों से गांव स्वास्थ क्षेत्र में बेहतर काम हों सकता है अपने प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हो।

आगे चंद्राकर ने कहा कि दिन के 24 घंटों में से कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालें। इससे न केवल गंभीर बीमारियां दूर होती हैं, बल्कि भविष्य में रोग होने की संभावना भी कम होती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्थान और सभी सहयोगियों को शुभकामनाएं।

इस अवसर पर संस्थान की ओर से प्रमुख रूप से अध्यक्ष गजराज पगारिया, मैनेजमेंट ट्रस्टी पुखराज दुग्गड़, मूलचंद जैन, सुरेश बाघमार, सुखदेव देवांगन नंदू निर्मलकर, विनोद साहू सहित संस्थान के स्टाफ गण भी उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

# पूर्व सीएम भूपेश के परिवार ने देखा जादूगर दीप कुमार का जादू



**भिलाई।** 13 जून से अय्यप्पा मंदिर ऑडिटोरियम सेक्टर 2 भिलाई में चल रहे विश्व के महानतम शोमैन जादूगर दीप कुमार द्वारा सम्पूर्ण पारिवारिक जादुई शो दिखाया जा रहा है। जिसमें भिलाई शहर की प्रमुख हस्तियां भी सपरिवार जादू शो का आनंद उठा रहे हैं, रविवार शाम के शो में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पूरे परिवार ने जादू शो का आनंद उठाया। जादूगर दीप कुमार भी सभी दर्शकों को रोमांचित और भरपूर आनंदित कर रहे हैं, जादूगर ने शो के दौरान एक सुंदर सी लड़की को 4 पार्ट में कर के दिखाया, तो कभी खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया। कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनियां के सबसे जबरदस्त माइम मैजिक ऐक्ट देख कर सभी दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। यह शो कई जन संदेशों से भरा है जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा। यहां ऐसे ही अचरज मे डाल देने वाले रोजाना दो शो, 4 बजे एवं संध्या 7 बजे से दिखाए जाते हैं। रविवार एवं छुट्टी के दिन 3 शो दिखाया जाता है। 1 बजे, 4 बजे एवं संध्या 7 बजे से। प्रत्येक शो दो घण्टे का होता है जिसका टिकट हॉल पर सुबह 10 बजे से मिलता है एवं ऑनलाइन टिकट www.jadugardeep.com से एडवांस मे भी लिया जा सकता है। जादू शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्कूल एवं कोचिंग के बच्चों के लिए ग्रुप में देखने पर टिकट में भारी छूट दिया जा रहा है। स्कूल का स्पेशल शो सुबह में 10 बजे से स्कूल की सुविधानुसार आयोजित किया जा रहा है।

## भाजपा मंडल ओटेबंद और उतई ने मनाई डॉ. मुखर्जी की जयंती, संगोष्ठी में वक्ताओं ने रखे विचार

# भाजपाइयों ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबन्द में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुखर्जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। संगोष्ठी में मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने प्रस्तावना रखे जिस पर भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष लेख राम साहू, पूर्व महामंत्री इंद्रपाल सिंह चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम लाल चंद्राकर, संगोष्ठी कार्यक्रम के जिला सह संयोजक कमलेश पाण्डे ने संगोष्ठी पर विचार रखे। पूर्व जिला अध्यक्ष साहू ने कहा कि मुखर्जी ने भारतीय जन संघ की स्थापना की और




प्रथम अध्यक्ष बन गए, पूर्व जिला महामंत्री चंद्राकर ने कहा कि मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री बने इनका उद्देश्य ग्रामीण आबादी की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार करके ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट गांव बनाना, वहीं जिला उपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक भारतीय राजनीतिज्ञ बैरिस्टर और शिक्षाविद थे, जनपद अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि मुखर्जी जेल में नजरबंद थे और इनकी मृत्यु जेल में हुई। जिला सह संयोजक पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की मदद से उन्होंने 1951 में भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती भारतीय जन संघ की स्थापना की एवं इनकी मृत्यु 23 जून 1953 में हुई। इस संगोष्ठी की संचालन मंडल संयोजक थानसिंह मंडावी ने किया एवं आभार व्यक्त मंडल सह संयोजक कौशल किशोर साहू ने किया। इस अवसर पर महामंत्री हेमंत साहू, तुलेश्वर चंद्राकर, उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, हेमलता देशलहरा, जनपद सदस्य संध्या मनोज खरे, संयोजक घना राम साहू, उमाशंकर नेताम, भूपेन्द्र निषाद, दालसिंह मंडावी, जामवंत देशमुख, योगेश शर्मा, डॉ. देवकुमार साहू, सहसंयोजक पुखराज निर्मलकर, इंद्रजीत चंद्राकर, रविन्द्र देशलहरा, भूपेन्द्र देवांगन, तुलसी साहू, देवेन्द्र सिन्हा, सरपंच लक्ष्मी मंडावी, ज्योतेश्वरी साहू,महेन्द्र साहू, महेन्द्र सोनकर, जीवन साहू आदि उपस्थित थे।

### डॉ. मुखर्जी की जयंती पर की साफ-सफाई

**उतई।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भाजपा उतई मंडल द्वारा मनाई गई। तत्पश्चात मां भारती एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर विचार गोष्ठी रखा गया। वहीं भाजपाइयों ने झाडू लगा कर साफ-सफाई



की और मुख़र्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। ग्राम पंचायत खोपली की सरपंच मंजू वर्मा ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी महान व्यक्तित्व के बताए मार्ग पर हम सब आगे एक भारत-अखण्ड भारत की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का उद्घोष कर भारत की एकता व अखंडता की अक्षुण्णता को प्रखर स्वर प्रदान किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, नगर भाजपा अध्यक्ष पार्षद लक्ष्मी नारायण साहू, सतीश चंद्राकार, भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, नरेंद्र साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, घनश्याम चंद्राकार, राजूलाल साहू, कांशी राम साहू, रिंकू, जागृत चतुर्वेदी, द्रोपति सहित अधिक सांख्य में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हरिभूमि अभियान को लेकर रुंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज और ट्रैफिक पुलिस सामने आए

# कॉलेज के स्टूडेंट्स ने ई-रिक्शा चालकों को गुलाब का फूल देकर ट्रैफिक रूल्स के लिए किया अवेयर

### चालकों को वर्दी पहनने और क्षमता से अधिक सवारी न ढोने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ई-रिक्शा के खिलाफ हरिभूमि अभियान को लेकर रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज और ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को घड़ी चौक सुपेला में अभियान चलाया। कॉलेज के छात्रों ने जहां ई-रिक्शा चालकों को गुलाब का फूल देकर ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा के नेतृत्व में 175 से ज्यादा ई-रिक्शा चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। साथ ही ई-रिक्शा में बैठी सवारियों से भी अपील की कि वे ई-रिक्शा चालकों से नियमों का पालन कराएं। ऐसा नहीं करने पर पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत करें। इसके अलावा सड़क पर चल रहे ई रिक्शा चालकों की लापरवाही के चलते कई हादसे शहर में हो चुके हैं। इसे लेकर रुंगटा के छात्र-छात्राओं ने ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए चालको को रोक कर उन्हें गुलाब फूल सौंपा। इस दौरान चालको ट्रैफिक नियमों का पालन कड़ाई से करने की जानकारी भी दी। घड़ी चौक सुपेला में सोमवार की सुबह ई रिक्शा चालको को गुलाब फूल देकर ट्रैफिक का पाठ पढ़ाया गया। इसके अलावा ई रिक्शा चालको को सत्यापन करा कर जोन बाटने की जानकारी भी दी गई। ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए ऑपरेशन सुरक्षा अभियान भी चला रही है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस, रुंगटा कालेज के विद्यार्थी मौजूद थे।

हरिभूमि अभियान







### ट्रैफिक पुलिस ने 175 ई-रिक्शा चालकों को दी समझाइश

एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि सोमवार को अभियान के तहत 175 ई रिक्शा चालकों को समझाइए दी गई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी कर्मचारी, रूंगटा कॉलेज के टीचर, छात्र-छात्राएं मौजूद थी। चालको को वाहन चलाते समय वर्दी पहनने, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने, बिना लाससेंस के वाहन ना चलाने ई वाहन चलाते समय आते-आते नियमों का पालन करने, ई रिक्शा चालको को गुलाब फूल देकर समझाईश दी। आने वाले दिनो मे जिले में संचालित सभी ई रक्शिा चालकों का सत्यापन कर जोन बाटा जाएगा।

### रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने ट्रैफिक पुलिस को भी किया सम्मानित



ई रिक्शा चालकों के लिए सडक के चार प्रमुख बिंदुओं पर ट्रैफिक पुलिस काम कर रही है। जिसमें सडकों के चौक चौराहो पर अभियात्रिकी त्रुटि को दूर करना, सडको से अतक्रिमण एवं अवैध कब्जा को हटाना, वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना प्रमुख है। ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम में सडक हादसों से होने वाली मौत के कारण और लापरवाह चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। रुंगटा कॉलेज की तरफ से डायरेक्टर महेंद्र श्रीवास्तव, डीन सत्यधर्म भारती, एल्बर्ट जॉन वर्गीस, रेज राय सहित कॉलेज के 50 से ज्यादा स्टूडेंट्स मौजूद थे।



### हरिभूमि का यह प्रयास अच्छा लोगों को अवेयर होना चाहिए



"हरिभूमि का यह प्रयास अच्छा है। समाजसेवी संस्थाओं को भी लगातार आगे आकर इस प्रकार से ट्रैफिक नियमों की जानकारी को लेकर लोगों को अवेयर करना चाहिए। ताकि वाहन चालक नियमों का पालन करे, जिससे हादसों में कमी आए।

**ऋचा मिश्रा**, एएसपी ट्रैफिक दुर्ग



## सिंटर प्लांट्स के कर्मियों ने किया रक्तदान



**भिलाई।** जेएलएन अस्पताल सेक्टर नौ के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट सामूहिक द्वारा भिलाई क्लब में वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिंटर प्लांट-2 एवं सिंटर प्लांट-3 के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने शिविर में 32 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रवींद्रनाथ ने शिविर मे उनके योगदान की सराहना की । सीजीएम बीके बेहेरा राजीव पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, सेफी अध्यक्ष एनके.बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह तथा व बीएसपी एससीएसटी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कोमल प्रसाद आदि उपस्थि थे। शिविर के दौरान सिंटर प्लांट-3 के रमेश कुमार एवं ब्लड बैंक समूह के पांडेय द्वारा प्रस्तुत संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## बच्चों का मुंह मीठा कर मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला आमटी भाठा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों का गुलाल लगाकर, मुंह मीठाकर स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री विष्णुदेव साय के बच्चों के लिए दिए गये संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत आमटी की सरंपच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी तथा पंचगण जानकी साहू, खिलेश्वरी साहू, योगिता साहू, लेखराम साहू, भारती सेन, जानकी साहू, सावित्री साहू, सोनिया साहू, मानसिंह साहू, देव कुमार साहू, मोहन लाल, जसवंत वर्मा तथा शाला के शिक्षकगण चेतन लाल साहू, संगीता पाण्डेय, उतरा साहू, शकुन साहू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने बच्चों को संदेश दिया कि अपने शिक्षक गणों सम्मान करना और स्कूल में पढ़ाई अच्छे से करना जिसमें स्कूल का और गांव का नाम रोशन हो। सरकार को अब ज्यादा से ज्यादा शिक्षा में ध्यान देना चाहिए, ताकि बच्चों का भविष्य बने गांव गांव में तो रोड, भवन, बहुत बन गये है लेकिन शिक्षा की ओर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना होगा।

### खबर संक्षेप



### बीएफ-8 ने 1 मिलियन टन हॉट मेटल का उत्पादन किया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने परिचालन उत्कृष्टता का रिकार्ड कायम किया है। मात्र 118 दिनों में 1 मिलियन टन (10 लाख टन) हॉट मेटल उत्पादन पूरा करने का अब तक का सबसे तेज़ कीर्तिमान है।
यह रिकार्ड उसके 17 मिलियन टन से 18 मिलियन टन संचयी उत्पादन यात्रा का हिस्सा है, जिसमें इस इकाई ने सेल)की समकक्ष इकाइयों के बीच प्रदर्शन का मानक लगातार ऊँचा किया है। सेल की अन्य इकाइयों को 18 मिलियन टन उत्पादन को हासिल करने में राउरकेला इस्पात संयंत्र के बीएफ-5 को 2800 दिन और इस्को स्टील प्लांट के बीएफ-5 को 3123 दिन लगे। इस उपलब्धि पर आयोजित कार्यक्रम में सीजीएम तापस दासगुप्ता व मनोज कुमार ने कर्मियों की हौसलाआफजाई की।

## ओए ने निकाली साइकिल रैली सेहतमंद रहने का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन-बीएसपी द्वारा योग दिवस के साथ साइकिल रैली का आयोजन कर स्वस्थ रहने का दिया संदेश दिया गया। प्रगति भवन में में पदाधिकारी तुषार सिंहयोग प्रशिक्षक नरेंद्र पटेल राजेश तिवारी व ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर न योग करवाया। इसके अलावा साइकिल रैली' का आयोजन किया गया ।

रैली' सेक्टर-9 चौक से प्रारंभ किया गया जो, स्टील क्लब चौक, ग्लोब चौक, परिवार चौक व शहीद उद्यान से होते हुए प्रगति भवनमें समाप्त हुई है। रैली में साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग के महासचिव विनायक चन्नावार, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, आलोक दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## डेंगू और मच्छरजनित रोग की होगी रोकथाम, अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीएसपी टाउनशिप में मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि की रोकथाम के लिए सोमवार से अभियान शुरु हुआ। इस अभियान के तहत, इस्पात नगरी के आवासों का सर्वे, निरीक्षण, दवाओं का वितरण, छिड़काव

- लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

और फॉगिंग शुरू की गई है। आज 23 जून को सेक्टर-1 में पूर्व पार्षद रश्मि सिंह की उपस्थिति में जीएम केके यादव आदि विभागीय लोग उपस्थित थे।

जिस भी घर में डेंगू या मच्छरों का लार्वा पाया जाएगा और निवासियों की लापरवाही पाई जायेगी तो ऐसे घरों के निवासियों पर पेनाल्टी लगाने का प्रावधान किया गया है। बारिश से पहले टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में पोर्टेबल फॉगिंग, वाटर फॉगिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग और



दवाओं के स्प्रे का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। जन स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा विभिन्न टीमों के साथ घरों का निरीक्षण कर कूलर और जल से भरे हुए विभिन्न पात्र जैसे बर्तन, ड्रम, टंकियां, जानवरों के लिए रखे गये खाने और पानी के बर्तन आदि को खाली करवाया जा रहा है। इस सर्वे के साथ जल एकत्र होने वाले स्थानों की सफाई एवं वहाँ दवाइयों का छिड़काव कर और टेमीफॉस दवा का वितरण भी किया जा रहा है।

## सेल में पचास हजार प्रति टन उत्पादन के बाद भी मुनाफा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल ने कंपनी के उत्पादन लागत तथा बिक्री मूल्य का आँकड़ा जारी किया है। बीएकेएस यूनियन ने कम मुनाफे सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मियों की मांगें अब तक लंबित हैं। यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि सेल के सभी पाँच एकिकृत स्टील प्लांटो में सबसे अधिक उत्पादन लागत दुर्गापुर स्टील प्लांट का तथा सबसे कम उत्पादन लागत बोकारो स्टील प्लांट का आया है। यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि एक टन उत्पाद लागत तथा बिक्री के बीच औसतन 7 हजार टन का लाभ आने तथा 17 मिलियन टन बिक्री होने

- बीएकेएस ने कहा सेल कर्मियों की लटकी मांगें

के बाद भी मुनाफा मात्र 3000 करोड़ रुपया है। । दिनप्रतिदिन उत्पादन में नया किर्तिमान बनाया जा रहा है, जिसकी घोषणा सेल तथा उसकी यूनिट प्रबंधन खुद करते रहती है , एबीटा तक आँकड़ा भी काफी अच्छा रहता है लेकिन उसके बाद कर पूर्व लाभ तथा कर पश्चात लाभ एबीटा का मात्र 25% ही रह जाता है , जो कही न कही सेल के आडिट रिपोर्ट पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है । सेल का एबिटा इस वर्ष भी 11000 करोड़ रुपया से अधिक है, फिर भी कर पूर्व लाभ मात्र 3000 करोड़ रुपया ही प्रदर्शित किया गया है । प्रत्येक वर्ष 6000-7500 करोड़ रुपया कैपेक्स में खर्च किया जा रहा है। कर्मियों के मेहनत से कमाए पैसे को कैपेक्स मे लगाया जा रहा है ।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का मांझी प्रकोष्ठ ने किया सम्मान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू राम निषाद का सम्मान भारती जनता पार्टी माझी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष छोटेलाल चौधरी ने किया। सेक्टर-6 स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप चौधरी, वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्य भी मौजूद थे।



### संयू ने दिया 9 जुलाई के आंदोलन को लेकर प्रबंधन को दिया नोटिस

# भिलाई इस्पात संयंत्र में हड़ताल के लिए यूनियन एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में राष्ट्रव्यापी हश्रम कानूनों में परिर्तन के खिलाफ केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर भिलाई की 7

- श्रम संहिता में परिवर्तन के खिलाफ हड़ताल में शामिल करने कर्मियों को सयू करेगा जागरुक

ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रूप से 9 जुलाई की हड़ताल के लिए बीएसपी के निदेशक प्रभारी को हड़ताल का नोटिस दिया । संयुक्त यूनियन ने यह भी तय किया है कि श्रम संहिताओं में परिवर्तन की जानकारी कर्मियों को देकर जागरुक किया जाएगा। ताकि वे स्वेच्छा से हड़ताल में शामिल हो सकें। भिलाई के इंटक,एटक, एचएमएस, सीटू ,एक्टू लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन ने सोमवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज को महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध के द्वारा हड़ताल का नोटिस दिया । नोटिस में सयू ने कहा कि देश की 10 केंद्रीय ट्रेड और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों के आह्वन पर आयोजित राष्ट्रीय कन्वेंशन के आह्वान पर 9 जुलाई को श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन पर रोक लगाने और अन्य जन विरोधी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर हम सभी यूनियनों ने आम हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है। बीएसपी के सभी विभागों के स्थाई और ठेका कर्मचारी इस हड़ता में सुबह 6 से 10 जुलाई की सुबह 6 बजे तक हड़ताल पर रहेंगे ।

### यह हैं कर्मियों की मांगें

चारों श्रम संहिताओं को तत्काल रद्द किया जाए, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों व सरकारी विभागों का निजीकरण बंद हो,सेल और आरआईएनएल की किसी भी इकाई में कोई विनिवेश या निजीकरण ना किया जाए और स्थाई प्रवृत्ति के कार्य को आउटसोर्स ना किया जाए। सेल में लंबित वेतन समझौता जल्द पूरा करें और एरियर्स का भी भुगतान किया जाए । हायर पेंशन स्कीम लागू किया जाए, असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को मिनिमम 26 हजार रुपए वेतन दिया जाए ।



### पुरानी पेंशन बहाल

संयुक्त यूनियन ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए, बोनस पात्रता पर सभी सीमाएं समाप्त की जाएं एवं ग्रेच्युटी सीलिंग समाप्त करने की भी मांग की है। मांग की है किआवेदन जमा करने के 45 दिनों के भीतर ट्रेड यूनियन का अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाए। मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण किया जाए, खाद्य पदार्थ दवाओ कृषि उपकरणों और मशीनरी पर जीएसटी हटाया जाए, बिजली संशोधन विधेयक 2022 को वापस लिया जाए, काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए ।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129


02



फैमिली योग सहित विभिन्न योग आसानों का कराया अभ्यास

## लाइव इवेंट

### ईदगाह मैदान में 27 जून से 10 दिवसीय जलसा, यूपी के हजरत करेंगे शिरकत



**दुर्ग।** अंजुमन इसलाहुल मुस्लिमीन कमेटी की ओर से हर साल की तरह इस साल भी 10 रोज जलसा (प्रवचन) आयोजित है। यह आयोजन 27जून शुक्रवार से शुरू होगा। 6जुलाई रविवार को समापन होगा। अंजुमन के जुनैद लाल आजमी ने बताया कि पिछले 59वर्ष से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस साल 60वां वर्ष है। इसमें प्रमुख रूप से हजरत मौलाना मुफ्ती जाकिर हुसैन नईमी साहब मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से तशरीफ ला रहे हैं। एक मोहर्रम से यानी 27 जून से 10 मोहर्रम 6जुलाई तक तकरीर (प्रवचन) करेंगे। साथ ही साथ पैगम्बर साहब के वंशज औलादें अली हुजूर ताजुल औलिया हजरत सैय्यद मोहम्मद पीर जलालुद्दीन अशरफ अशरफी उल जिलानी कीछोछा शरीफ आंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश से तशरीफ ला रहे हैं, जो 9 मोहर्रम 5 जुलाई और 10 मोहर्रम 6जुलाई को तकरीर (प्रवचन) करेंगे। हजरत सैय्यद साहब के मानने वाले सिर्फ मुस्लिम समाज के नहीं बल्कि सभी समाज के लोग मानते हैं। सैय्यद मोहम्मद साहब के आने से दुर्ग शहर में एक खुशी की लहर दौड़ रही है। काफी वक्त के बाद सैय्यद साहब इस कार्यक्रम के उपस्थित हो रहे हैं। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए खास बैठने का इंतेज़ाम किया गया है।

## लाइव इवेंट

### गुरुकुल के बच्चों ने दी वैदिक मंत्रों की प्रस्तुति, सभी ने सराहा



**दुर्ग।** वैदिक गुरुकुल में बच्चों ने वैदिक मंत्रों की प्रस्तुति दी। गुरुकुल के बच्चों ने बहुत ही सुंदर योग भी प्रस्तुत किया। इसमें बच्चों ने आध्यात्म, वैदिक उपदेशों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर गुरुकुल के बच्चो के साथ साथ गुरुकुल प्रभारी आशीष शर्मा, ममता टावरी, श्वेता अग्रवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, खिलेश्वरी, श्रेया, अनिल अग्रवाल उपस्थित थे। संस्थान में पिछले लंबे समय से सनातन परंपराओं और संस्कृत की शिक्षा दी जा रही है। सनातन धर्म के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## सिटी इवेंट

### 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला को देवांगन आदिमाता हरिणी सम्मान अलंकरण



**भिलाई।** वर्षों पहले 80-90 के दशक में अपने श्रमसाध्य कार्य से समाज को एकजुट कर उसके उत्थान में विशिष्ट योगदान देने वाले देवांगन समाज के वयोवृद्ध पुरोधा एवं लिविंग लीजेंड की खोज खबर लेकर उनसे मार्गदर्शन लेने एवं उनका सम्मान करने का सराहनीय कार्य देवांगन समाज कर रहा है। अशक्त एवं बीमार चल रहे बुजुर्गो को उनके घर जाकर सम्मानित करने के क्रम में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन के नेतृत्व में समाज की पुरोधा 90 वर्षीया वयोवृद्ध महिला योगमाया देवांगन के नेहरू नगर स्थित निवास में जाकर उनको देवांगन आदिमाता हरिणी सम्मान अलंकरण से सम्मानित किया। सम्मान पाकर बुजुर्ग महिला का चेहरा खुशी से खिल उठा और उनकी आंखें भर आईं। उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद किया और अनुभव शेयर किए। उन्होंने बताया कि उन दिनों कैसे घर-घर जाकर लोगों को जागरूक एवं संगठित करने का श्रमसाध्य कार्य किया गया। देवांगन समाज की प्रथम महिला आदिमाता हरिणी के नाम पर समाज की बुजुर्ग महिला पुरोधाओं को दिया जाने वाला यह महत्वपूर्ण अलंकरण है। सम्मान में शाल, श्रीफल, मिठाई, स्मृति चिन्ह एवं अभिनन्दन पत्र प्रदान किया गया। उन्हें समाज की पत्रिका आवरण की प्रति एवं पौधा भी भेंट किया गया। इस अवसर पर विनोद देवांगन, गजेंद्र देवांगन, जितेन्द्र बांकुरे, अशोक देवांगन, दीपा देवांगन सहित अन्य मौजूद थे। बता दें कि समाज द्वारा पूर्व में देवांगन समाज के पुरोधाओं जागेश्वर प्रसाद देवांगन फरदफोड़, कुंजलाल देवांगन धमतरी, सेवक राम देवांगन भाटापारा, डॉण श्यामलाल देवांगन राधिका नगर, राम खिलावन देवांगन आशीष नगर, भूषणलाल देवांगन एवं ललित देवांगन छाया को सम्मानित किया जा चुका है।

● शिव महापुराण की अगली कथा 30 जुलाई से जयंती स्टेडियम भिलाई में

# शिव महापुराण का समापन, अंतिम दिन पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा- अपने जीवन को स्वार्थ में नहीं परमार्थ में लगाओ

**शहर के समीपस्थ ग्राम निकुम में चल रहे शिव महापुराण कथा का सोमवार को समापन हुआ। कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि आप अपने जीवन को स्वार्थ में न लगाओ बल्कि परमार्थ में लगाओ। माता परमार्थ ने परमार्थ के जरिए ही भगवान शिव का मन जीता था। कथा के दौरान कहा कि अपने जनक, अपने आप और देवाधिदेव पर विश्वाश रखो। सारे काम शिव कराएंगे। शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन प्रसिद्ध कथाकार वाचक प्रदीप मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति को स्वार्थ में नहीं बल्कि परमार्थ में ध्यान करना चाहिए। क्योंकि स्वार्थ से केवल खुद का हित हो सकता है, लेकिन परमार्थ से औरों का हित होता है, जगत का हित होता है।**



**भिलाई-निकुम/** उन्होंने कहा कि माता पार्वती ने भगवान शंकर का दिल परमार्थ के जरिए ही जीता था। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य के लिए संकल्प छोड़ने के लिए जल जरूरी है। फूल, पत्र, चावल, दक्षिणा नहीं तो भी चिंता नहीं केवल जल से संकल्प पूरा होगा। आगे कहा कि प्रत्येक जीव को गुरु बनाना जरूरी है। चाहे देवता ही क्यों न हो। इसी तारतम्य में नारद की कथा बताई। उन्होंने कहा कि गुरु की निंदा न करो। गुरु शिष्य का कल्याण ही चाहता है। परमात्मा को देखने इंद्रियों को संयम में रखना पड़ेगा, रावण के नाश का कारण भी यही था। उन्होंने देवी देवताओं को वश में तो कर लिया था, लेकिन अपनी इंद्रियों को वश में नहीं कर सका जो उनके विनाश का कारण बना।

### आयोजककर्ता रूपेश देशमुख ने कथा सुनने पहुंचे भक्तों का जताया आभार

कार्यक्रम के अंतिम दिन कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने आयोजन के संयोजक रुपेश देशमुख की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में बहुत अच्छी व्यवस्था उन्होंने दी है। आम लोगों के बैठने से लेकर भोजन तक सारी व्यवस्था उत्तम रही। इसके लिए रूपेश देशमुख बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा प्रदीप मिश्रा ने पुलिस व जिला प्रशासन तथा मीडिया का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने 5 दिनों तक बेहतर व्यवस्था संभाली थी। शिव भक्तों के प्यार को भी उन्होंने दिल से स्वीकार किया, कहा कि छत्तीसगढ़ में यह पहले कथा है जहां इतने सारे लोग कथा सुनने पहुंचे। आयोजन में रूपेश देशमुख ने भी सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।





### पद्मश्री डॉ. बारले ने पं. प्रदीप मिश्रा को किया सम्मानित

इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित डॉ. राधेश्याम बारले ने अंतराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का सम्मान किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा भेंट की। बारले ने उनके आगमन पर आकर्षक पंथी, राऊत व आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। इसकी सराहना पं. मिश्रा ने व्यास पीठ से की।



### निकुम की रज है पावन, कई बड़े संतों का हो चुका आगमन

रूपेश देशमुख ने कहा कि निकुम की रज बहुत ही पावन पुण्य है, यहां जगद्गुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद, निश्चलानंद, गायत्री परिवार के पूज्य गुरुदेव राम शर्मा, डॉ. प्रणव पंड्या, भागवत आचार्य पवन दीवान सहित कई महान विभूतियां आ चुके हैं। वही लाखों शिव भक्त इस महाशिवपुराण की सागर में आकर गागर भर दिए, वही इस आयोजन में महाकाल परिवार के 15युवा टीम ने मिलकर इस आयोजन में लाखों को जोड़ कर इस महायज्ञ का सफल आयोजन किया, जिसमें शासन प्रशासन के आलाधिकारी सहित दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव के जिले से भी सहयोग मिला।

# डॉ. मुखर्जी ने रैली निकाल जनसंघ की स्थापना में दिया अहम योगदान

**भिलाई।** बीजेपी कैंप मंडल में डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर जलेबी चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य वक्ता ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू थे।खिलावन साहू ने कहा कि 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में उनका जन्म हुआ था। 33 वर्ष की उम्र में वे कुलपति बने, कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण उनके मन में था कि भारत का विभाजन न हो। नेहरू के मंत्रीमंडल में वे रहे। विचार की टकराहट के कारण 1951 में जनसंघ का गठन कर दिल्ली में यात्रा निकाली। देश में एक संविधान दो निशान नहीं होना चाहिए, इस अंदोलन में उन्हें गिरफ्तार किया गया।




23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हुई। अंत्योदय का भाव को लेकर चले हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात कही। इसे आगे बढ़ाया। धारा 370 को हटाया गया। इसी प्रकार अमित मिश्रा ने कहा की डॉ. मुखर्जी अविस्मरणीय, अतुलनीय योगदान है, जिन्होंने कश्मीर को आजाद करने की नींव रखी। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में अध्यक्ष तरुण सिंह, विजय सिंह, अशोक गुप्ता, विजय सिंह, लतेल यादव, संजय जायसवाल, धर्मेंद्र पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।

# शिविर में सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत किया रक्तदान



**भिलाई।** जिला अस्पताल दुर्ग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जेके ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया गया। समूह के प्रमुख निर्माता स्व. हरि शंकर सिंघानिया की 92वीं जयंती आयोजित शिविर में उनके कर्मचारियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत रक्तदान किया। इस पहल में जेके टायर, जेके पेपर, जेके लक्ष्मी सीमेंट, जेके एग्री जेनेटिक्स सहित अन्य संस्थाओं ने रक्तदान किया। शिविर में रक्तवीरों द्वारा 228 यूनिट बहुमूल्य रक्त प्राप्त किया गया।

शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, डॉ. योगेश, डॉ. आदया, काउंसलर टीएस एंथोनी, गणेश निर्मलकर, अडानी सीमेंट से डॉ. ज्यूरिख महेश, शरद मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## जीएसटी के अधिकारियों के साथ कैट के प्रतिनिधि मंडल ने की चर्चा

# जीएसटी से जुड़ी समस्याओं को लेकर कार्यालय में खुलेगा हेल्प डेस्क, सहायता समिति में दो व्यापारी होंगे सदस्य

कार्नर न्यूज

भिलाई। जीएसटी को लेकर सामने आने वाली तकनीकी दिक्कतों को लेकर कैट के प्रतिनिधि मंडल और जीएसटी अधिकारियों के बीच संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जीएसटी कार्यालय 32 बंगला में हुई। इस दौरान व्यापारियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए समिति गठन और हेल्प डेस्क शुरू करने की मांग रखी। इस पर तय किया गया कि 32 बंगला स्थित जीएसटी कार्यालय में हेल्प डेस्क खोला जाएगा।साथ ही गठित समिति में दो व्यापारी सदस्य होंगे।



### इन मांगों को लेकर कैट के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को कराया अवगत

बैठक में व्यापारियों ने मांग रखी कि जमीनी समस्याओं पर खुली चर्चा होनी चाहिए। एकतरफा कार्रवाई पर अपील, रिवीजन की सुविधा बैंक सील जैसी कठोर कार्रवाई पर विराम लगे। जीएसटी नोटिस की हार्ड कॉपी अनिवार्यता हो। फुटकर व्यापार में एचएसएन कोड की व्यवहारिकता हो। ई-इनवॉइस के बाद अन्य रिपोर्टिंग की समाप्ति हो। विशेषज्ञ समिति में व्यापारी प्रतिनिधि शामिल किया जाए। करीब घंटेभर से ज्यादा चली इस बैठक में व्यापारियों के सामने आने वाली कई तकनीकी दिक्कतों को लेकर भी चर्चा की गई। इस पर अधिकारियों ने नियमित रूप से प्रशिक्षण दिए जाने और समस्या का निराकरण भी भरोसा दिलाया। कैट ने राज्य जीएसटी आयुक्त भावना अली के साथ यह बैठक की। व्यापारियों की जमीनी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के सफलता हेतु कैट ने दो चरणों की कार्ययोजना बनाई गई थी। प्रथम चरण में जीएसटी संबंधित मुख्य निर्णय अधिकारियों के समक्ष रखना। इसमें जीएसटी कमिश्नर द्वारा निम्न सुझावों पर सदभावना पूर्वक सहमति प्रदान की गई। बैठक में प्रकाश सांखला, मोहम्मद अली ईरानी, विनय कश्यप, रवि केवलतानी, संजय बोहरा, प्रकाश आहूजा, आशीष खंडेलवाल, नवीन देवांगन, संजय चौबे सहित अन्य मौजूद थे। अधिकारियों से हुई चर्चा को लेकर 24 जून को कैट प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें व्यापारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

### रिटर्न दाखिल करने में आ रही दिक्कतों से भी कराया अवगत

व्यापारियों ने जीएसटी से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें रिटर्न दाखिल करने में आ रही परेशानी, इनवॉइस से जुड़ी दिक्कतें और विभागीय पूछताछ शामिल हैं। अधिकारियों ने इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के सुझावों के आधार पर कार्य योजना तैयार की जाएगी। बता दें जीएसटी को लेकर व्यापारी समुदाय में लगातार नाराजगी बनी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार जीएसटी भरना उनके लिए एक कठिन काम हो गया है। इससे उनके कामकाज प्रभावित होते हैं। साथ ही समझने में कमी के चलते कई बार व्यापारियों को हर्जाना भी भुगतना पड़ता है। इसे लेकर ही लगातार व्यापारी अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

असेसमेंट में दिक्कत को लेकर भी दी गई जानकारी बैठक में जीएसटी विभाग के पोर्टल के सर्वर डाउन और अन्य समस्याओं को लेकर भी व्यापारियों ने जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई व्यापारी अपना जीएसटी जमा कर देता है तो उसमें ब्याज की छूट दी जाएगी। यदि कोई भी व्यापारी इस समय सीमा के अंदर जीएसटी को नहीं भरता है तो यह ब्याज हर साल मूलधन पर एक बड़े अमाउंट के रूप में बढ़ता है।

## सिटी इवेंट

# ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण शुरू



**दुर्ग।** ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण संस्थान में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहाहै। जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाता है। इस आवासीय प्रशिक्षण से ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्म-उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान किया जायेगा। संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म-उत्पादकता, सशक्तीकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। संस्थान द्वारा जिला दुर्ग, बालोद और बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों के लिए 21 जून से निःशुल्क आवासीय फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा चुका है। जिसमे प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 24 जून रखी गई है। आगामी दिनों में प्रशिक्षण 25 जून से कंप्युटर हार्डवेयर नेटवर्किंग, 30 जून से मोबाईल रिपेयरिंग 30 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियां आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, मार्कशीट, 4 पासपोर्ट फोटो की छायाप्रति सहित सभी आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य है। इसकी अधिक जानकारी ऑनलाइन लिंक https://forms.gle/vsMyXTTwb7mEwdbX6 और शंकराचार्य हॉस्पिटल के पास, जुनवानी भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. में संपर्क कर सकते हैं।

## धर्म इवेंट

# भक्तिमय वातावरण में हुई मानस गान स्पर्धा, विजेता हुए सम्मानित



**भिलाई।** भागवत समिति महिला मंडली द्वारा ग्राम कोनारी में एक दिवसीय श्रीराम कथा और मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कामता प्रसाद शरण गरियाबंद द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस दौरान क्षेत्र के आसपास भक्तिमय वातावरण दिखाई दिया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित थे। महिला मंडली द्वारा आयोजित एक दिवसीय श्रीराम कथा एवं मानस गान प्रतियोगिता में ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिए और कार्यक्रम देखने पहुंचे थे। इस अवसर पर विधायक द्वारा प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और राम कथा का भावपूर्ण रसपान कर आत्मिक शांति का अनुभव किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि रामचरित मानस की शिक्षाएं हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती हैं और हमें एक आदर्श जीवन जीने के लिए प्रेरित करती हैं। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे रामचरित मानस की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं और एक बेहतर इंसान बनने का प्रयास करें। उन्होंने आगे कहा कि रामचरित मानस के पात्र और उनकी कहानियां हमें जीवन में सही और गलत के बीच का अंतर समझने में मदद करती हैं। यह ग्रंथ हमें सिखाता है कि कैसे हम अपने जीवन में मर्यादा और संयम बनाए रख सकते हैं। आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण दिखाई दिया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच गूँजेश्वरी पारख साहू जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा जनपद पंचायत सदस्य बेला यादव जी, भरदा सरपंच सुनीता , उपसरपंच सुरेश कुमार साहू सहित समस्त ग्रामवासीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाज लाइव

# छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज के निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज पंजीयन क्रं 1657 का प्रांतीय निर्वाचन कार्यक्रम महादेव घाट रायपुर में आयोजित किया गया था। इस दौरान काशीपुरी कुंदन प्रदेश अध्यक्ष और उमेश गिरी गोस्वामी महासचिव चुने गए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूरे प्रदेश से काफी संख्या में सभी जिलों के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। प्रचार प्रवक्ता भारद्वाज गिरी गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये काशीपुरी कुंदन गरियाबंद, महासचिव उमेश गिरी गोस्वामी दुर्ग, कोषाध्यक्ष प्रशांत गिरी गोस्वामी कांकेर को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत निर्विरोध चुना गया। इस दौरान सभी पदाधिकरियों और सदस्यों ने चुनाव निर्वाचन अधिकारी, प्रदेश के नीति निर्धारण समिति के सदस्य, संस्थापक सदस्य, संरक्षक प्रदेश कमेटी के सभी पदाधिकारी और सभी जिलों से आए हुए जिला अध्यक्ष व जिलों के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

---

● गर्म पानी से हो रही गले की सिकाई, भगवान हो रहे स्वस्थ

# बीमार महाप्रभु की सेहत में दशमूलारिष्ठ और औषधियों से आया सुधार, चंदन और कपूर का लग रहा लेप, 26 को खोलेंगे नेत्र

देवस्नान पूर्णिमा के दिन खूब भीगने के बाद 15 दिन से बीमार भगवान जगन्नाथ गुरुवार को अपनी आंखें खोलेंगे। पिछले कई दिनों से अपने नर्म बिछौने को छोड़कर महाप्रभु अणसर भवन में चटाई पर उलटे लेटकर इलाज करा रहे हैं। इस दौरान उन्हें गले की सिकाई के लिए गर्म पानी और विभिन्न औषधियों के काढ़े का भोग लगाया जा रहा है और वही भोग भक्तों को वितरित किया जा रहा है।

**भिलाई।** पुजारी ने बताया कि अब महाप्रभु थोड़े-थोड़े ठीक हो रहे है और आज उन्हें चंदन और कपूर का लेप लगाया जाएगा। को इस दौरान अणसर गृह में केवल वैद्य या पुजारी को ही प्रवेश करने की अनुमति रहती है। इन दिनों महाप्रभु को दिक्कत न हो इसलिए मंदिर की घंटियों को भी बांध दिया गया है। ट्विनसिटी के उत्कल समाज के सभी मंदिरों में 26 को नेत्रोत्सव मनाया जाएगा, जिसकी विशेष तैयारियां की जा रही हैं। 27 जून को सभी स्थानों से भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथ पर महाप्रभु जगन्नाथ के साथ बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र विराजमान होंगे। रथयात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। देवस्नान पूर्णिमा के दिन खूब भीगने के बाद 15 दिन से बीमार भगवान जगन्नाथ गुरुवार को अपनी आंखें खोलेंगे। पिछले कई दिनों से अपने नर्म बिछौने को छोड़कर महाप्रभु अणसर भवन में चटाई पर उलटे लेटकर इलाज करा रहे हैं। प्रभु जल्दी ठीक हो जाएं इसलिए मंदिर के पंडित उन्हें दशमूलारिष्ठ का काढ़ा और और औषधियुक्त गर्म पानी भोग लगाया जा रहा है। ताकि यह पौष्टिक और तरल चीजें ग्रहण कर वे जल्दी स्वस्थ हो जाएं। उनके आराम में खलल ना पड़े इसलिए श्री मंदिर के पट बंद करने के साथ ही मंदिर में लगी घंटियों को भी बांध दिया गया। लेकिन भगवान अब भक्तों को नेत्र उत्सव के दिन यानी 26 जून को दर्शन देंगे और इस दिन भगवान भक्तों को भी दर्शन देंगे।




**रथयात्रा की तैयारी शुरू** सेक्टर 4 और सेक्टर 6 के मंदिर में रथयात्रा की तैयारी शुरू हो चुकी है। दोनों ही मंदिर से 27 जून को रथयात्रा निकालेगी और महाप्रभु अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ गुंडिचा मंडप में विराजेंगे। इस दौरान भगवान जगन्नाथ रोजाना अलग-अलग स्वरूप में दर्शन देंगे। उनके श्रृंगार के लिए भी विशेष सामग्री ओड़िशा से मंगाई गई है

### खुलेंगे मंदिर के पट

सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर के महासचिव सन्यास कुमार साहू ने बताया कि अब महाप्रभु ठीक हो रहे है और उन्हें चंदन और कपूर का लेप भी लगाया जा रहा है।इस दौरान उनकी आंखें खुल रही है। उन्हें घी, तेल वाले मसालेदार भोजन की बजाए पौष्टिक भोजन के रूप में औषधियों का भोग लगाया जा रहा है। पर वे गुरुवार को पूरी तरह ठीक हो जाएंगे और 27 जून को नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। इस मौके पर वे अपनी मौसी गुंडिचा के घर जाएगें और वहां पर उन्हें चार पहर स्वादिष्ठ व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।महाप्रभु का विग्रह अणसर गृह में रहने के कारण मंदिर में आने वाले भक्त 15 दिनों में अलारनाथ के दर्शन कर रहे है।

---

## मिली नई जिम्मेदारी...

# ओजस महिला समाज सेवा समिति की बनी नई कार्यकारिणी, अध्यक्ष होंगी ललिता



**भिलाई।** समाज सेवा में लगातार प्रयायरत ओजस महिला समिति रिसाली की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस दौरान सभी को अपने-अपने पद की जिम्मेंदारी भी दी गई। समिति संरक्षक रजनी विजय बघेल ने नए पदाधिकारियों और सदस्यों की घोषणा की। जिसमें ओजस महिला समिति की संरक्षक रजनी बघेल, मिथिला खिचरिया, दुर्गा अधिकारी, सृष्टि अग्निहोत्री, अनीमा सिंह द्वारा ललिता सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष, सुनीता सिंह, अलका शर्मा, उमा साहू, संध्या मंडलोई, संजय सिंह, दिव्या सिंह सहित अन्य सदस्य गीता पाल, मंजू सामंत, मनीषा साहू, प्रदीपा साहू, महिमा ढोंके, सुमनलता मिश्रा, रीता भटनागर, प्रभा बंछोड़, पूर्णिमा सोनी, अम्बिका सॉन्ग, सुमन सिंह, जमुना भट्ट, नागमणी, ईश्वरी, मंगला शुक्ला, अर्चना पांडे, सुमन सिंह, नागमणि, ईश्वरी, हर्षिता को बनाया गया है। सलाहकार उपासना साहू, सुनंदा चंद्राकर, संस्कृति वर्मा, सीमा तिवारी, सचिव संजू शुक्ला, उप सचिव मंजू सोनी, सह सचिव मीनाक्षी सहगल, कोषाध्यक्ष नीलिमा भगत, सह कोषाध्यक्ष अंजली बिसेन, उप कोषाध्यक्ष रचना सिंह, मिडिया प्रभारी, चंदन वर्मा, अर्चना सराफ, प्रणिता शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी स्वाति परमार, प्राची सिंह, जुली गुप्ता, धार्मिक प्रभारी कनक शर्मा, मधू तिवारी, आरती सरार्फ, प्रभा सिंह को जिम्मेंदारी दी गई। समिति में निहारिका धर, दीपा, कल्याणी ठाकुर, आशा साव सहित नये सदस्यों ने सदस्यता ली।



## सेहत का मूल मंत्र

# फैमिली योग सहित विभिन्न योग आसानों का कराया अभ्यास




**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा योग संगम के अंतर्गत योगा प्रोटोकॉल सेशन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों, रा.से.यो. स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर योगा प्रशिक्षकों द्वारा वर्क प्लेस योग सेवा समूह कक्षा कार्यशाला, योगा हॉल, फैमिली योगा, योग चैलेंज, प्रोटोकॉल अभ्यास सत्र (वर्चुअल) तथा विभिन्न आसनों और प्राणायामों का अभ्यास कराया। आयोजन के अंत में प्रतिभागियों ने योग को दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संयोजन भारती विश्वविद्यालय और भारती आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के संयुक्त सहकारिता में आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, भारती आयुर्वेद के प्राचार्य डॉ मानस रंजन होता, डॉ विद्यावती चंद्राकर, योगेश देशमुख, जयंत बारीक आदि मौजूद थे।

### रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हुआ सामूहिक योग



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई महाविद्यालय में योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग किया गया। इस अवसर महाविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास किया गया और महाविद्यालय के छात्रों ने कॉमन योग प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रो. अमनदीप कौर उप प्राचार्या डॉ. अश्वदी पिल्लई व अन्य स्टॉफ और नर्सिंग विद्यार्थी उपस्थित थे।

## संस्कृत भारती के शिविर का चौथा दिन

# नाटक, प्रश्नोत्तरी, गीत और कहानी से संस्कृत बोलने कर रहे अभ्यास, बच्चों से लेकर बुजुर्गों में उत्साह

कार्नर न्यूज

### संस्कृत को संस्कृत के माध्यम से पढ़ाने कर रहे जतन

**भिलाई।** संस्कृत सहज और सरल भाषा है। बच्चों को संस्कृत भाषा का ज्ञान होना बहुत जरुरी है। इस उद्देश्य से संस्कृत भारती के तत्वावधान में संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन दुर्ग में किया गया है। आर्य नगर में चल रहे संभाषण शिविर का चौथे दिन बच्चों को सामान्य दिनचर्या और प्रतिदिन दैनिक व्यवहार में संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्चों को नाटक अभिनय, प्रश्नोत्तरी, गीत एवं कहानी कथन के माध्यम से संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया गया। इस 10 दिवसीय संस्कृत प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक प्रो. जैनेंद्र दीवान ने संस्कृत को संस्कृत के माध्यम से पढ़ाया। इस दौरान बच्चों को नाटक अभिनय, प्रश्नोत्तरी, गीत एवं कहानी कथन के माध्यम से संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया जा रहा है।








### प्रतिदिन दो घंटे की क्लास में सीख रहे संस्कृत

यह संस्कृत संभाषण शिविर 20 जून से आरंभ होकर 29 जून तक चलेगा। प्रतिदिन 2 घंटे और 10 दिन में 20 घंटे का अभ्यास करके संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया जा रहा है। संस्कृत भारती द्वारा आयोजित संस्कृत संभाषण शिविर में 20 से अधिक प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे है। शाम 5 से 7 ओम परिसर में चल रही इस कक्षा में पूरी तरह संस्कृत का माहौल बना हुआ है। 7 वर्ष से लेकर के 70 वर्ष तक के जिज्ञासु संस्कृत भाषा का एक साथ अभ्यास कर रहे हैं। इस अवसर पर शिविर के संयोजक डॉ. अजय आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में हम वर्षों तक संस्कृत पढ़ाते हैं और हमें संस्कृत बोलना नहीं आता। इसका कारण है कि हमें संस्कृत भाषा सुनने और बोलने का अवसर नहीं मिलता। इस संभाषण शिविर में 2 घंटे लगातार छात्र-छात्राओं और जिज्ञासु प्रतिभागियों को संस्कृत का वातावरण प्रदान किया जा रहा है। कक्षा में किसी भी रूप में अन्य भाषा का प्रयोग नहीं किया जा रहा है संस्कृत को संस्कृत के माध्यम से सरल ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन डॉ अजय आर्य ने प्रतिभागियों को संस्कृत में कहानी सुनाई।

## ज्योतिष

### बन रहे भद्र और मालव्य समेत 5 राजयोग, इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन



वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह एक निश्चित अंतराल पर गोचर करके शुभ और राजयोग का निर्माण करते हैं, जिसका असर मानव जीवन के साथ देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि 24 जून को 5 राजयोग निर्माण होने जा रहा है। इन राजयोगों के नाम, गजकेसरी, मालव्य, भद्र, महालक्ष्मी और बुधादित्य राजयोग है। ऐसे में इन राजयोगों के बनने से कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है। साथ ही करियर और कारोबार में तरक्की मिल सकती है। आइए जानते हैं ये भाग्यशाली राशियां कौन सी हैं

**वृष राशि :** पांच राजयोग का बनना वृष राशि के लोगों को सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। इस अवधि में अगर आप व्यावसायिक मोर्चे पर थोड़ी सी समझदारी से काम करेंगे तो अच्छा मुनाफा कमाएंगे। इस समय करियर में आपके लिए नई नौकरी के बेहतरीन प्रस्ताव आ सकते हैं। साथ ही इस समय आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। वहीं इस दौरान आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से भी राहत मिलेगी। वहीं इस समय आप धन की सेविंग करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ राशि :** आप लोगों के लिए पांच राजयोग का बनना अनुकूल साबित हो सकता है। इस समय आपकी सोची हुई योजनाएं सफल होंगी। वहीं कारोबारी व्यापार में अच्छा मुनाफा कमाएंगे और अच्छी बचत भी कर पाएंगे। साथ ही इस दौरान आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। साथ ही मान- सम्मान की आपको प्राप्ति होगी। वहीं अगर आप काफी समय से नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं तो आपको इस अवधि नए और बेहतरीन अवसर मिलने की उम्मीद है। अगर आप पढ़ाई या लेखन से जुड़े हैं तो यह समय आपके लिए बेहद शुभ रहेगा।

**मिथुन राशि :** आप लोगों के लिए 5 राजयोगों का बनना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। इस समय आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। वहीं नौकरी में प्रमोशन या नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। अगर आप व्यापार करते हैं तो नए एग्रीमेंट्स और मुनाफे के अवसर बनेंगे। आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। साथ ही इस समय आपकी इच्छआओं की पूर्ति होगी। वहीं जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उनको सफलता मिल सकती है। वहीं धन आगमन के नए मार्ग बन सकते हैं। साथ ही आप छोटी या बड़ी यात्रा कर सकते हैं।

### ये काम कर सकते हैं शनिदेव को क्रोधित, गलती से भी न करें ऐसे काम



हिंदू धर्म में शनिदेव को बेहद शक्तिशाली देवता माना जाता है। वे कर्मफलदाता हैं यानी इंसान को उसके अच्छे या बुरे कर्मों का फल देते हैं। ऐसा माना जाता है कि शनि की कृपा से जीवन में तरक्की, सुख-शांति और सफलता मिलती है। लेकिन अगर शनिदेव किसी व्यक्ति से नाराज हो जाएं तो उसे जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि कुछ काम ऐसे होते हैं जो शनिदेव को गुस्सा दिला सकते हैं। अगर गलती से भी आप ये काम करते हैं तो जीवन में रुकावटें आ सकती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कौन से काम शनिदेव को नाराज करते हैं

**दूसरों के साथ अन्याय करना :** शनिदेव को न्याय का देवता कहा जाता है। वे हमेशा सच और इंसाफ का साथ देते हैं। अगर कोई व्यक्ति दूसरों के साथ धोखा करता है, किसी का हक मारता है या कमजोर लोगों को सताता है तो शनिदेव बेहद नाराज हो जाते हैं। यह गुस्सा इंसान के जीवन में परेशानियों का कारण बन जाता है। इसलिए हमेशा ईमानदारी और सच्चाई के रास्ते पर चलें।

**शराब और मांस का सेवन :** शनिदेव को सात्विक और शुद्ध जीवन पसंद है। शराब, मांस या अन्य तामसिक भोजन करने वाले लोग शनिदेव की नजरों में गलत माने जाते हैं। खासकर शनिवार के दिन इन चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या चल रही हो तो और भी सतर्क रहें। शनिवार को हल्का और सात्विक भोजन करें और कोशिश करें कि तेल में तली चीजों से बचें।

**बुजुर्गों और गुरुओं का अपमान :** शनिदेव उन लोगों से नाराज होते हैं जो अपने माता-पिता, बुजुर्गों या गुरुओं का सम्मान नहीं करते। बुजुर्गों का अपमान करना शनिदेव की नजर में बड़ा अपराध माना जाता है। ऐसे लोग जीवन में शनि दोष से परेशान रहते हैं। शनिदेव की कृपा पाने के लिए हमेशा बड़ों का आदर करें, उनकी सेवा करें और उनकी बातों को मानें।

## सूजन घटाने और कीटाणु मारने वाले गुण, जो सेहत के लिए हैं फायदेमंद

# अदरक से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता, मिल सकते हैं कई स्वास्थ्य लाभ, कई बीमारियों से राहत

अदरक का इस्तेमाल कई प्रकार के व्यंजनों और आयुर्वेदिक दवाओं में किया जाता है। यह एक ऐसा मसाला है, जो न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व कई बीमारियों से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। अदरक में सूजन घटाने वाले और कीटाणु मारने वाले गुण पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद हैं। आइए अदरक के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानते हैं।



### मोटापे से दिला सकता है छुटकारा

अदरक का सेवन मोटापे से छुटकारा दिलाने में भी मदद कर सकता है। यह शरीर में चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है। अदरक में मौजूद सूजन घटाने वाले और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण शरीर में मौजूद अतिरिक्त चर्बी को कम करने का काम कर सकते हैं। अदरक में कुछ ऐसे पोषक तत्व भी होते हैं, जो शरीर में वसा और कैलोरी को कम करने का काम करते हैं।

### पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में है कारगर

अदरक में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट पाचन क्रिया के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये पाचन क्रिया में होने वाले सूजन और जलन को कम कर सकते हैं। इसके साथ ही अदरक पाचन क्रिया में रक्त संचार को बढ़ाने का काम भी करता है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर तरीके से काम करती है। लाभ के लिए खाने के बाद एक टुकड़ा अदरक चबाएं या फिर अदरक का पानी बनाकर पिएं।

### सांस संबंधी समस्याओं को कर सकता है दूर

अदरक में सूजन घटाने वाले गुण होते हैं, जो अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी सांस संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। अदरक में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को दूर कर अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए अदरक के टुकड़ों को पानी में डालकर उबाल लें और जब पानी आधा हो जाए तो इसे छानकर पिएं।

### सर्दी और खांसी से दिला सकता है राहत

अदरक में सूजन घटाने वाले और कीटाणु मारने वाले गुण होते हैं, जो सर्दी-खांसी से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। अदरक में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने का काम भी कर सकते हैं। लाभ के लिए अदरक के पानी का सेवन करें। अदरक का पानी बनाने के लिए एक कप पानी में थोड़ा-सा कटा हुआ अदरक डालकर उबाल लें, फिर इसमें शहद मिलाकर पिएं।



## अपने घर को आलीशान लुक देने के लिए आज ही खरीदें ऐसी सजावट की चीजें

हर किसी का सपना होता है कि उनके घर का कोना-कोना सुंदर और देखने लायक हो। ज्यादातर लोग यह सोचकर घर की सजावट नहीं करते कि उसमें बहुत पैसा खर्च होगा। हालांकि, आप कम बजट में भी अपने घर को आलीशान लुक दे सकते हैं। इसके लिए महंगे इंटीरियर डिजाइनर की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि आप खुद ही अपने घर को आलीशान बना सकेंगे। घर में सजावट की ये चीजें रखने से उसकी खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे।

**बड़े आकार वाला शीशा खरीदें :** शीशा घर की सजावट में इस्तेमाल होने वाला एक बहुमुखी तत्व है, जो सुंदरता तो बढ़ाता ही है, साथ ही काम भी आता है। ये प्रकाश को परावर्तित करके, ज्यादा जगह होने का भ्रम पैदा करके और गहराई जोड़कर कमरे के माहौल को शानदार बना सकते हैं। आपको अपने कमरे में एक बड़े आकार वाला शीशा रखना चाहिए और ड्राइंग रूम की एक पूरी दीवार पर शीशा लगवाना चाहिए। इससे आपका कमरा बड़ा भी दिखेगा और उसका सौंदर्य भी बढ़ेगा।

**घर में अनोखी कलाकृतियां प्रदर्शित करें :** कला घर को सजाने का सबसे अच्छा तरीका है, जो आलीशान स्पर्श जोड़ने के बहुत काम आती है। आप अपनी पसंद और घर की बनावट के मुताबिक पेंटिंग चुनकर दीवारों पर लगा सकते हैं। इसके अलावा, घर की दीवारों के रंग और फर्नीचर की शोभा बढ़ाने वाला कलात्मक सजावट का सामान भी खरीदें, जो घर को और खूबसूरत दिखाएगा। आप घर में गुलदस्ते, प्लांटर यानि सजावटी गमले और सुगंधित मोमबत्तियां आदि प्रदर्शित कर सकते हैं।

**लाइटिंग पर ध्यान दें और झूमर लगवाएं :** सही लाइटिंग के जरिए घर के माहौल को बदला जा सकता है और उसे आलीशान लुक दिया जा सकता है। आजकल बाजार में अलग-अलग प्रकार की लाइट उपलब्ध रहती हैं, जो आपके घर को रोशन कर देंगी। सही प्रकार की लाइट आपके घर को बड़ा दिखाने में भी मदद करेगी। आपको घर के हॉल में झूमर लटकाना चाहिए, कमरों में लैंप फिक्स्चर लगवाने चाहिए और कोनों पर बड़े लैंप भी रखने चाहिए।



### हल्के रंग वाली चीजों का चुनाव करें

अपने घर को शानदार और आलीशान दिखाने की कोशिश करते समय आपको ऐसी चीजों का चयन करना चाहिए, जो भूरे, बेज और सफेद जैसे हल्के रंगों वाली हों। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं है। अपने घर के सोफे या बिस्तर के लिए बेज या सफेद रंग का चुनाव करें। आप न्यूट्रल रंग के तकिए जोड़ सकते हैं और कंबल डाल सकते हैं। भूरे और बेज रंग का सजावट का सामान भी आपके घर की शोभा बढ़ाएगा।

### पौधे और फूल लगाएं

आपकी दीवार चाहें किसी भी रंग की क्यों न हो, हरियाली उसमें सुंदरता जोड़ ही देती है। पौधे घर में ताजगी और हरियाली जोड़ते हैं, जिससे घर आकर्षक और आलीशान दिखाई देता है। अगर आप अपने घर के अंदर लगाने के लिए सही प्लांटर्स चुनते हैं, तो आप अपने घर को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। आजकल कई सुंदर दिखने वाले पौधे बाजार में मिलते हैं। बड़े पत्तों वाले पौधे सोफे के बगल में रखना सबसे बढ़िया रहेगा।

## मानसून में बारिश का मजा लेते हुए खाएं दही से बनने वाली कई तरह की स्वादिष्ट चाट

मानसून में बारिश होते समय समोसे और पकौड़े तो सब खाते हैं। हालांकि, अपनी जुबान को चटपटे और खट्टे-मीठे स्वाद के विस्फोट का अनुभव करवाने के लिए आप चाट का मजा ले सकते हैं। साधारण चाट के बजाय दही से बनने वाली चाट खाएं, जो स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पेट को ठंडा भी रखती है। आज के लेख में हम आपको दही से बनने वाली 5 तरह की चाट की रेसिपी बताएंगे।



**दही भल्ला :** इसे बनाने के लिए सबसे पहले उड़द की दाल को रातभर पानी में भिगोकर छोड़ दें। अगली सुबह उसमें अदरक, हरी मिर्च, हींग और नमक मिलाकर बारीक पीस लें। इसके बाद इस मिश्रण को थोड़ा-थोड़ा करके कढ़ाई में तलें। अब सारे भल्लों को पानी में डालें, फिर इन्हें निचोड़कर एक बड़े कटोरे में रख दें। आखिर में सभी भल्लों के ऊपर दही, हरी चटनी, इमली की चटनी, चाट मसाला और लाल मिर्च डालकर परोसें।

**दही आलू टिक्की :** आलू टिक्की चाट तैयार करने के लिए सबसे पहले आलू उबालकर छीलें और उन्हें मीस लें। इसमें नमक, जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, चावल का आटा और धनिया मिलाएं। इस मिश्रण की गोल-गोल टिक्कियां बनाकर गर्म तेल में तल लें। ध्यान रहे की आपकी सभी टिक्कियां बिलकुल कुरकुरी होनी चाहिए। टिक्कियों पर दही, हरी चटनी, इमली की चटनी, जीरा पाउडर, चाट मसाला, सेव और अनार दाने डालकर परोसें।

**दही समोसा चाट :** बारिश में समोसा सभी का पसंदीदा स्नैक बन जाता है, लेकिन उसमें दही मिलाई जाए तो मजा दोगुना हो जाता है। इसके लिए आप बाजार से समोसे खरीदकर ला सकते हैं या उन्हें घर पर बना सकते हैं। अब समोसों को उंगलियों से फोड़ें और उनपर दही, इमली की चटनी, हरी चटनी, चाट मसाला और अनार दाने डालकर खाएं। इसके स्वाद को और लाजवाब बनाने के लिए इसपर गर्मा-गर्म छोले भी डाले जा सकते हैं।

**दही पापड़ी चाट :** पापड़ी चाट सबसे आसानी से बनने वाली चाट है, जिसमें आपको कई तरह के स्वादों का मेल मिल जाएगा। इसके लिए सबसे पहले एक थाली पर पापड़ी बिछा लें। अब उनपर उबले हुए आलू, बारीक कटे प्याज, बारीक कटे टमाटर और दही डाल दें। अब स्वाद को बढ़ाने के लिए सभी पापडियों पर चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर और जीरा पाउडर छिड़क दें।

## बार-बार क्यों मुरझा जाता है तुलसी का पौधा...? जानिए इसके कारण और सुधारने के तरीके

घर में तुलसी का पौधा होना शुभ माना जाता है। इसलिए कई लोग इसे अपने घर में लगाते हैं, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि तुलसी का पौधा अच्छा नहीं बढ़ता या मुरझा जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो आपको तुलसी के पौधे को लेकर कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आइए आज हम आपको इसके कारण और सुधारने के तरीके बताते हैं।

**पौधे को पर्याप्त धूप न मिलना :** तुलसी का पौधा सूरज की रोशनी से बहुत लाभान्वित होता है। अगर आपके तुलसी का पौधा निचले हिस्से से मुरझाया हुआ लग रहा है तो इसका कारण हो सकता है कि उसे पर्याप्त धूप नहीं मिल रही है। इसलिए अपने तुलसी के गमले को ऐसी जगह रखें, जहां रोजाना 5-6 घंटे सूरज की सीधी रोशनी उसे मिले। हालांकि, ध्यान रखें कि पौधे को सीधी धूप में ज्यादा देर तक न रखें क्योंकि इससे वह सूख सकता है।

**अधिक पानी देना भी है कारण :** अधिक पानी देना भी तुलसी के पौधे के मुरझाने का कारण बन सकता है। दरअसल, ऐसा करने से पौधे की जड़ें खराब हो जाती हैं और इससे उसका विकास रूक जाता है। इसलिए अपने तुलसी के पौधे को अधिक पानी देने से बचें। इसके बजाय गमले के ऊपर



वाले हिस्से पर उंगली डालकर देखें। अगर मिट्टी नम लगे तो समझ जाएं कि पौधे को पर्याप्त पानी मिल रहा है।

**मिट्टी की गुणवत्ता होनी चाहिए अच्छी :** तुलसी के पौधे के लिए अच्छी मिट्टी जरूरी होती है। अगर मिट्टी की गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी तो इससे पौधे का विकास रूक सकता है। इसलिए अपने तुलसी के पौधे के लिए ऐसी मिट्टी का इस्तेमाल करें, जिसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश की भरपूर मात्रा हो। इसके अलावा मिट्टी का अम्लीय स्तर 6 से 7 के बीच होना चाहिए। इससे आपके तुलसी के पौधे का विकास सही तरीके से होगा।

**पोषक तत्वों की कमी होना :** तुलसी के पौधे को पोषण की जरूरत होती है इसलिए इसे समय-समय पर खाद दें। अगर पौधे को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिलेंगे तो इसका विकास रूक सकता है। आप अपने तुलसी के पौधे को जरूरी पोषण देने के लिए जैविक खाद का इस्तेमाल कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

## आपका समय भी बचेगा और आप जल्दी तैयार हो पाएंगे

# अलमारी में कपड़े व्यवस्थित करने के लिए अपनाएं ये टिप्स, आसान होगा रोजमर्रा का काम

अलमारी में कपड़े सही तरीके से रखना एक जरूरी काम है, जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। सही तरीके से कपड़े रखने से न केवल आपकी अलमारी साफ-सुथरी दिखेगी, बल्कि इससे आपका समय भी बचेगा और आप जल्दी तैयार हो पाएंगे। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और कारगर सुझाव देंगे, जिनकी मदद से आप अपनी अलमारी को बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर सकते हैं और रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बना सकते हैं।



### रंग अनुसार व्यवस्थित करें

कपड़ों को रंग अनुसार व्यवस्थित करने से आपकी अलमारी बहुत सुंदर लगेगी और आपको अपने पसंदीदा रंग के कपड़े जल्दी मिलेंगे। आप हल्के रंगों से शुरू करें और फिर गहरे रंगों की ओर बढ़ें। इससे न केवल आपकी अलमारी व्यवस्थित लगेगी बल्कि आप आसानी से अपने सभी रंगों के कपड़ों का चयन कर पाएंगे। इस तरीके से आपको हर रोज तैयार होने में भी कम समय लगेगा और आप ज्यादा स्टाइलिश दिखेंगे।

### कपड़ों को श्रेणी अनुसार बांटे

सबसे पहले अपने सभी कपड़ों को अलग-अलग समूहों में बांटे जैसे कि ऑफिस के कपड़े, रोजमर्रा के कपड़े, पार्टी के लिए कपड़े, खेल-कूद के कपड़े आदि। इससे आपको यह पता चलेगा कि कौन से कपड़े ज्यादा पहने जाते हैं और कौन से कम। इसके बाद आप उन कपड़ों को अलमारी में अलग-अलग हिस्सों में रखें ताकि हर बार आपको अपने जरूरी कपड़े आसानी से मिल सकें और अलमारी में ज्यादा भीड़-भाड़ न हो।

### आकार अनुसार रखें

आकार के अनुसार कपड़े रखने से भी बहुत फर्क पड़ता है, जैसे कि शर्ट्स, टी-शर्ट्स, पैंट्स आदि को अलग-अलग अलमारियों या डिब्बों में रखें ताकि हर बार जब आप अलमारी खोलें तो आपको अपना आकार का सही कपड़ा आसानी से मिल सकेगा। इसके अलावा आप छोटे-छोटे डिब्बों का इस्तेमाल करके छोटे कपड़े जैसे मफलर, बेल्ट आदि को भी आसानी से रख सकते हैं। इससे आपकी अलमारी साफ-सुथरी और व्यवस्थित दिखेगी।



### मौसम अनुसार बदलाव करें

हर मौसम के हिसाब से अपनी अलमारी को अपडेट करना बहुत जरूरी होता है। गर्मियों में हल्के कपड़े जैसे कि सूती कुर्ते, टी-शर्ट आदि रखें जबकि सर्दियों में ऊनी स्वेटर, जैकेट आदि को अलमारी में रखें। इससे न केवल आपकी अलमारी साफ-सुथरी दिखेगी बल्कि हर मौसम के मुताबिक जरूरी चीजें भी आसानी से मिल जाएंगी। इसके अलावा आप अपने पुराने या न पहनने वाले कपड़ों को दान कर सकते हैं या उन्हें रीसाइकिल कर सकते हैं।


### नियमित सफाई करें

अलमारी की नियमित सफाई करना बहुत जरूरी होता है ताकि उसमें कोई भी बेकार या पुराना सामान जमा न हो। हर 6 महीने बाद अपनी सारी चीजों की जांच करें और देखें कि कौन से कपड़े अब आपकी जरूरत नहीं रहे। बेकार या फटे हुए कपड़ों को दान कर दें या उन्हें रीसाइकिल करें। इस तरह से आप अपनी अलमारी को हमेशा साफ-सुथरी रख सकते हैं और हर बार जब आप उसे खोलें तो उसमें सब कुछ व्यवस्थित मिले।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## के-पॉप स्टार ने 'चिकनी चमेली' पर किया हूबहू कटरीना जैसा डांस



के-पॉप स्टार जैक्सन वांग हाल ही में अपने नए एल्बम 'मैजिक मैन 2' के प्रचार के लिए भारत आए थे। उन्होंने हमारे देश की संस्कृति और पॉप कल्चर को आत्मसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गोट7 स्टार का एक नया वीडियो ऑनलाइन सामने आया है जिसमें वह कटरीना कैफ के डांस नंबर 'चिकनी चमेली' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसने उनके फैंस का दिल जीत लिया है। ऑनलाइन सामने आए एक वीडियो में जैक्सन को 2012 की फिल्म 'अग्निपथ' के बॉलीवुड के हिट गाने 'चिकनी चमेली' पर अपने मूव्स दिखाते हुए देखा जा सकता है। पूरी तरह से काले रंग की ड्रेस पहने सिंगर-रैपर ने हुक स्टेप को बखूबी निभाया, जिससे फैंस काफी हैरान हुए। अपने पसंदीदा स्टार को इतनी आसानी से स्टेप्स करते देख लोग शांत नहीं रह सके। एक फैन ने लिखा- मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि मैं जैक्सन वांग को चिकनी चमेली पर डांस करते देख पाऊंगा। एक ने कहा- हमने जैक्सन को जीटीए 6 से पहले चिकनी चमेली पर नाचते हुए देखा था। एक ने लिखा- अहम... कृपया उसे आधार कार्ड दें। एक ने कहा- ओहोहो कटरीना जैक्सन।

### टॉलीवुड

## हिट 3 के निर्माताओं के खिलाफ साहित्यिक चोरी का मामला दर्ज



नेचुरल स्टार नानी की तेलुगु क्राइम थ्रिलर फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी कई भाषाओं में रिलीज हो चुकी है। लेकिन अब इस फिल्म के निर्माताओं को मद्रास उच्च न्यायालय ने साहित्यिक चोरी के मामले में 7 जुलाई तक अपना जवाब देना को कहा है। 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, मद्रास उच्च न्यायालय ने हिट 3 फिल्म की टीम को साहित्यिक चोरी के आरोपों का जवाब 7 जुलाई तक देने का आदेश दिया है। लेखक विमलवेलन का कहना है कि उन्होंने कुछ समय पहले अभिनेता नानी के साथ अपनी एक कहानी साझा की थी। बाद में उन्हें पता चला कि हिट 3 की कहानी उनकी कहानी से मिलती-जुलती है। विमलवेलन ने आरोप लगाया कि फिल्म के निर्माताओं ने उनकी स्क्रिप्ट चुराई है। उन्होंने नानी, निर्देशक शैलेश कोलानू और निर्माताओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब देखना है कि हिट 3 के निर्माता इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। सैलेश कोलानू के निर्देशन में बनी फिल्म 'हिट 3' 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में कई भषाओं में रिलीज की गई थी। इस फिल्म को नानी और प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा निर्मित किया गया। मिकी जे मेयर ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। 'हिटः द थर्ड केस' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह हिटः द सेकंड केस (2022) के बाद हिट फिल्म श्रृंखला की तीसरी किस्त है। फिल्म में नानी और श्रीनिधि शेट्टी हैं फिल्म में, एक क्रूर पुलिस अधिकारी को होमिसाइड इंटरवेंशन टीम (HIT) द्वारा हत्यारों के एक समूह को खोजने और उनकी जघन्य हत्या की होड़ को खत्म करने के लिए भेजा जाता है।

### भोजपुरी

## धमाल कर रहा प्रेमानंद महाराज पर बना खेसारी का नया गाना



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव अपने अभिनय के साथ-साथ गायिकी के लिए भी लोकप्रिय हैं। आए दिन वे नए-नए गाने रिलीज करते हैं। यूं तो खेसारी अधिकांश धूम-धड़ाके वाले गाने लेकर आते हैं। मगर, हाल ही में वे भक्ति सॉन्ग लाए हैं। यह गाना आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज के ऊपर है। इस गाने को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। खेसारी लाल यादव के नए गाने का टाइटल है 'तेरे प्यार में पागल प्रेमानंद'। यह गाना गुरुवार 19 जून को यूट्यूब पर रिलीज हुआ। इसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। दो दिनों के अंदर गाने को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। खबर लिखे जाने तक गाने को 16, 46, 907 व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में खेसारी लाल भक्ति भाव में डूबे हुए हैं। पीले रंग के वस्त्र धारण कर वे भजन गा रहे हैं। इस गाने को खेसारी लाल यादव ने गाया है। वहीं, इसके बोल लिखे हैं मनोज मतलबी ने। संगीत जयदीप वर्मा ने तैयार किया है। लक्की विश्वकर्मा ने गाने का निर्देशन किया है। यह गाना 'खेसारी डिवोशनल' नाम के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। वृंदावन निवासी आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज पर बने इस गाने पर यूजर्स के कमेंट भी काफी अच्छे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'यकीन मानिए खेसारी जी आप भक्ति गाने और ज्यादा मीठा आवाज में गाते हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'खेसारी लाल ने अब तक इतनी सच्ची भावना से कोई भी गाना नहीं गाया था। बहुत ही शानदार गाना गाया है'। एक यूजर ने लिखा, 'कौन बोलता है खेसारी भक्ति सॉन्ग नहीं गा सकते। इस गाने ने तो धमाल कर दिया है'।

### लाइफ स्टाइल

## रश्मिका की तरह एथिनिक पहनकर दिख सकती हैं क्यूट

नेशनल क्रश बन चुकी मिस मंदाना एक बार फिर नई फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं और फैंस उनके क्यूट लुक को देखकर खुश हो रहे हैं। वैसे अगर आप सोच रही हैं कि रश्मिका इतने ट्रेडिशनल और एथिनिक कपड़ों को पहनकर खुश और लाइट मोड में दिखती हैं। तो इसका कारण हैं उनकी स्टाइल, जिसे आप भी कॉपी करेंगी। तो किसी भी मौके पर हैप्पी मूड में रहेंगी और क्यूट ही नजर आएंगी। रश्मिका मंदाना साड़ियों का सलेक्शन बहुत सोच कर करती हैं। जिससे उनके ऊपर बर्डेन ना बढ़े। पेस्टल शेड और वर्क वाली होने के बाद भी लाइट वेट फैब्रिक साड़ी को आसानी से कैरी करने लायक बना देता है।



## लंबे बालों को स्टाइल करना भी एक कला, खास मौकों पर आजमाएं अलग तरीके, लगेंगी बेहद खूबसूरत

लंबे बालों को स्टाइल करना एक कला है, जो न केवल आपके लुक को खास बनाती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाती है। चाहे आप रोजमर्रा के कामों में हों या किसी खास मौके पर, इन पांच तरीकों से आप अपने लंबे बालों को आकर्षक बना सकते हैं।

इन टिप्स को अपनाकर आप अपने बालों को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं, जिससे हर बार नया लुक मिलेगा और आप हमेशा खूबसूरत दिखेंगी।

**जूड़ा :** अगर आप अपने बालों को एक साफ-सुथरा लुक देना चाहती हैं तो जूड़ा एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बालों को ऊपर की ओर इकट्ठा करें और घुमाते हुए लपेटें। अब इस पोनीटेल को हल्का-सा मोड़ते हुए बेस के पास पिन करें। इसके बाद बाकी बचे बालों को हल्का-सा घुंघराला करें ताकि जूड़ा ज्यादा आकर्षक लगे। अंत में स्प्रे लगाकर इस लुक को पूरा करें।

**चोटी वाला जूड़ा :** चोटी वाला जूड़ा एक ऐसा स्टाइल है, जो पारंपरिक जूड़े को एक नया



ट्विस्ट देता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को हल्का-सा घुंघराला करें ताकि उनमें वॉल्यूम आए। अब बालों को तीन हिस्सों में बांटकर चोटी बनाएं और इसे बेस के पास पिन करें। इसके बाद बाकी बचे बालों को हल्का-सा सीधा करें ताकि पूरा लुक ज्यादा आकर्षक लगे। अंत में स्प्रे लगाकर इस स्टाइल को पूरा करें।

**ऊंची पोनीटेल :** ऊंची पोनीटेल एक ऐसा स्टाइल है, जो आपके चेहरे को खुला रखता है और आपको ज्यादा आकर्षक दिखाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को कंघी करें और ऊंचाई पर इकट्ठा करें, फिर रबर बैंड से बांध लें।

### घुंघराले बालों वाली पोनीटेल

घुंघराले बालों वाली पोनीटेल एक ऐसा स्टाइल है, जो आपके लंबे बालों को घुंघराला करके नया लुक देता है। इसे पाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को हल्का-सा सीरम लगाकर घुंघराला करें। अब इन घुंघराले बालों को पीछे की ओर इकट्ठा करें और रबर बैंड से बांध लें। इसके बाद बाकी बचे बालों को हल्का-सा सीधा करें ताकि पूरा लुक ज्यादा आकर्षक लगे। अंत में स्प्रे लगाकर इस स्टाइल को पूरा करें और आप हमेशा खूबसूरत दिखेंगी।

### आधा बांधा हुआ हेयरस्टाइल

आधा बांधा हुआ स्टाइल उन दिनों के लिए सही है जब आपको अपने पूरे बाल बांधने का मन नहीं होता, लेकिन थोड़ा-सा बदलाव चाहती हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों का आधा हिस्सा पीछे की ओर इकट्ठा करें और रबर बैंड से बांध लें। इसके बाद बाकी बचे बालों को हल्का-सा घुंघराला करें ताकि पूरा लुक ज्यादा आकर्षक लगे। अंत में स्प्रे लगाकर इस स्टाइल को पूरा करें और आप हमेशा खूबसूरत दिखेंगी।

## काले रंग की कुर्ती को जरा अलग स्टाइल से पहनें, हर अवसर पर लगेंगी खूबसूरत

फैशन



काले रंग की कुर्ती हर महिला की अलमारी में जरूर होना चाहिए। यह न केवल पारंपरिक, बल्कि आधुनिकता का भी मेल है। काले रंग की कुर्ती को सही तरीके से स्टाइल करने पर आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप अपनी काले रंग की कुर्ती को अलग-अलग मौकों पर पहन सकती हैं और हर बार नए अंदाज में नजर आएंगी।

**पार्टी के लिए ऐसे करें स्टाइलः** पार्टी के लिए अपनी काले रंग की कुर्ती को स्टाइल करना बहुत आसान है। आप इसे लहंगा या पलाजो पैंट्स के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ ही हल्की एक्सेसरीज जैसे झुमके और चूड़ियां पहनें। अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक ज्यादा खास लगे तो आप अपनी कुर्ती पर हल्का कढ़ाई वाला दुपट्टा ले सकती हैं। यह आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएगा और आपको पार्टी में सबसे अलग दिखाएगा।

**कॉलेज के लिए रोजमर्रा का लुक अपनाएं :** कॉलेज के लिए आपको ऐसा लुक चाहिए, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हो। इसके लिए आप अपनी काले रंग की कुर्ती को जींस के साथ पहन सकती हैं। जींस के साथ स्लीक बैल्ली हील्स या स्नीकर्स पहनें और हल्का मेकअप करें। इस तरह का लुक न केवल आपको आरामदायक महसूस कराएगा, बल्कि आपके स्टाइल को भी खास बनाएगा। आप चाहें तो इस लुक में कुछ हल्की एक्सेसरीज भी जोड़ सकती हैं।

**ऑफिस के लिए चुनें ऐसे पहनें काले रंग की कुर्ती :** ऑफिस के लिए अपनी काले रंग की कुर्ती को सलवार या स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ एक साधारण बेल्ट लगाकर अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं। अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक पेशेवर लगे तो आप अपनी कुर्ती को अंदर की ओर टक करके पहन सकती हैं।

**रोजमर्रा के कामों के लिए आरामदायक लुक :** रोजमर्रा के कामों के लिए आपको ऐसा लुक चाहिए, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी हो। इसके लिए आप अपनी काली कुर्ती को प्लेन प्लाजो पैंट्स के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ फ्लैट्स पहनें और हल्का मेकअप करें। इस तरह का लुक न केवल आपको आरामदायक महसूस कराएगा, बल्कि आपके स्टाइल को भी खास बनाएगा।

**शादी समारोह में छाएंगे ये लुक :** शादी समारोह में खास दिखने के लिए आप अपनी काले रंग की कुर्ती को कढ़ाई वाले लहंगा सेट या शरारा पैंट के साथ पहन सकती हैं।इसके साथ भारी झुमके और हाथों में चूड़ियां पहनें। बालों के लिए खुला स्टाइल या बन बना सकती हैं। इस तरह आप हर मौके पर अपनी काली कुर्ती को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं और हर बार नए अंदाज में नजर आएंगी।

## पहली बार कांजीवरम साड़ी खरीद रहीं हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

कांजीवरम साड़ी दक्षिण भारत की एक मशहूर पारंपरिक साड़ी है, जो अपनी बुनाई और डिजाइन के लिए जानी जाती है। यह साड़ी रेशम से बनी होती है और इसमें सोने की जरी का काम होता है। अगर आप पहली बार कांजीवरम साड़ी खरीदने जा रहे हैं तो आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आप सही और बेहतरीन साड़ी चुन सकें। आइए आज हम आपको कुछ जरूरी बातें बताते हैं, जिनसे सही साड़ी चुनने में मदद मिलेगी।

**सही दुकान का चयन करें :** कांजीवरम साड़ी खरीदने से पहले सही दुकान का चयन करना बहुत जरूरी है। हमेशा किसी भरोसेमंद और प्रसिद्ध दुकान से ही साड़ी खरीदें। इससे आपको अच्छी गुणवत्ता वाली साड़ी मिलेगी और धोखे से बचने की संभावना भी कम होगी। स्थानीय बाजार में छोटे दुकानदारों से बचें क्योंकि उनकी गुणवत्ता की गारंटी नहीं होती और वे नकली सामान बेच सकते हैं।



### कपड़े की गुणवत्ता जांचें

कांजीवरम साड़ी खरीदते समय उसके कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। रेशम कपड़े की चमक और मुलायमियत देखिए। असली रेशम कपड़े की चमक बहुत खास होती है और यह हाथ से छूने पर बहुत मुलायम लगता है। इसके अलावा साड़ी की बुनाई भी अच्छी होनी चाहिए।


### डिजाइन और रंग चुनें

कांजीवरम साड़ी के डिजाइन और रंग का चयन करते समय अपनी पसंद और मौके को ध्यान में रखें। शादी-ब्याह या त्योहारों के लिए गहरे रंग जैसे लाल, हरा, नीला आदि अच्छे लगते हैं क्योंकि ये शाही अंदाज देते हैं, वहीं रोजमर्रा के उपयोग के लिए हल्के रंग जैसे पीला, गुलाबी आदि बेहतर होते हैं क्योंकि ये आरामदायक महसूस कराते हैं।

## हर महिला के गहनों में होने चाहिए इस टाइप के गहने, हर दिन दिखेंगी खास

भारतीय महिलाओं के लिए गहने सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि उनकी संस्कृति और परंपरा का अहम हिस्सा हैं। सोने और चांदी से बने ये गहने न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि इनका ऐतिहासिक महत्व भी है। इन गहनों का उपयोग अलग-अलग मौकों पर किया जाता है, चाहे वह शादी हो या त्योहार। इन गहनों की खासियत यह है कि ये हर दिन के पहनावे में भी चार चांद लगा सकते हैं।

**झुमके :** झुमके भारतीय महिलाओं की पसंदीदा गहनों में से एक हैं। ये सोने या चांदी के होते हैं और इनमें कीमती स्टोन का भी उपयोग किया जाता है। झुमके पहनने से चेहरे की सुंदरता बढ़ती है और ये किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाते हैं। शादी-ब्याह या त्योहारों पर इनका खास महत्व होता है।



**चूड़ियां :** चूड़ियां भारतीय महिलाओं की पारंपरिक पहचान का एक अहम हिस्सा हैं। ये लकड़ी, कांच या चांदी से बनी होती हैं और इनमें रंग-बिरंगे डिजाइन होते हैं। चूड़ियां पहनने से हाथों की सुंदरता बढ़ती है और ये किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाती हैं, खासकर शादी-ब्याह के समय इनका खास महत्व होता है।

**नथ :** नथ यानी नथुने में पहनी जाने वाली गहने न केवल शादी के समय बल्कि हर दिन के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह नथुने में पहनी जाती है और इसमें कीमती स्टोन या मोती लगाए जाते हैं। नथ पहनने से चेहरे की सुंदरता बढ़ती है और यह किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाती है, खासकर शादी-ब्याह के समय इसका खास महत्व होता है।

**पायल :** पायल पैरों में पहने जाने वाला गहना है। ये चांदी या सोने से बनी होती हैं और इनमें कीमती स्टोन का भी उपयोग किया जाता है। पायल पहनने से पैरों की सुंदरता बढ़ती है और यह किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाती है, खासकर शादी-ब्याह और त्योहारों के समय इसका खास महत्व होता है।

**मांग टीका :** मांग टीका सिर पर पहने जाने वाला गहना है, जो माथे को सजाता है। यह किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाती है। मांग टीका पहनने से चेहरे की सुंदरता बढ़ती है और यह किसी भी पारंपरिक कपड़ों के साथ अच्छी तरह मेल खाता है।

### कार्नर न्यूज

## मानसून के दौरान जूतों की विशेष देखभाल करना जरूरी

## बारिश के कीचड़-पानी के कारण जूतों से न आए बदबू और न लगे फफूंद, उचित देखभाल से रहेंगे सुरक्षित

मानसून के दौरान जूते नमी और कीचड़ के संपर्क में आते हैं, जिससे उनमें बैक्टीरिया पनप सकते हैं और उनसे बदबू भी आ सकती है। इसके अलावा जूतों के गीले रहने से उनमें फंगस तक हो सकती है। इसलिए मानसून के दौरान जूतों की विशेष देखभाल करना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मानसून के दौरान अपने जूतों की अच्छे से देखभाल कर सकते हैं।



### गीले जूतों को जल्द सुखाएं

मानसून के दौरान अगर आप कहीं बाहर जाते हैं तो आपके जूते गीले हो जाते हैं। ऐसे में उन्हें जल्दी सुखाने की कोशिश करें। इसके लिए जूतों को किसी गर्म और हवादार जगह पर रख दें। आप चाहें तो जूतों के अंदर पुराने अखबार का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह नमी को सोखने में मदद करेगा। इसके अलावा आप जूतों को सुखाने के लिए बाल सुखाने वाली मशीन का भी उपयोग कर सकते हैं।

### जूतों को साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीका

अगर आपके जूतों पर कीचड़ या पानी के निशान पड़ गए हैं तो इन्हें साफ करने के लिए साबुन का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे जूते खराब हो सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक मुलायम ब्रश लें और उससे जूतों की सतह को हल्के हाथों से साफ करें। इसके बाद जूतों पर लगे दागों को हटाने के लिए किसी अच्छे जूते के साफ करने वाले घोल का इस्तेमाल करें। आखिर में जूतों को

### जूतों से बदबू दूर करने के लिए करें ये काम

अगर आपके जूतों से बदबू आ रही है तो इसे दूर करने के लिए सबसे पहले किसी अच्छे जूते के खुशबूदार घोल का छिड़काव जूतों की भीतरी सतह पर करें। इसके बाद जूतों को 20 से 30 मिनट के लिए खुली हवा में रख दें। अगर आपके जूतों से ज्यादा बदबू आ रही है तो जूतों को रातभर के लिए किसी अखबार या टिश्यू पेपर से भरकर छोड़ दें। इससे बदबू दूर हो जाएगी।



### मानसून के दौरान जूतों की करें सही स्टोरेज

मानसून के दौरान जूतों को सही तरीके से रखना भी जरूरी होता है। जूतों को हमेशा ढक्कन वाले डिब्बों में रखें ताकि उनमें नमी न जाए। इसके अलावा जूतों को कभी गीले या नम जगह पर न रखें। जूतों को रखने के लिए अखबार का इस्तेमाल करें। आप चाहें तो जूतों के अंदर सूखी रुई भी रख सकते हैं। इससे भी नमी नहीं जाएगी। साथ ही जूतों को किसी अच्छे जूते के खुशबूदार घोल से भी छिड़कें।